●वर्ष : 16 ●अंक : 300 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

LKS

दैनिक लोकतंत्र की शान

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

दिल्ली से प्रकाशित शनिवार 22 फरवरी 2025 लोकतंत्र का स्तंभ

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

एक्शन मोड में दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता

पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं की खत्म

सप्ताहभर पहले मांगी गई थी स्टाफ की जानकारी

बताया जा रहा है कि सप्ताह भर पहले ही सभी विभागों से पूर्व सरकार की ओर से कॉन्ट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी, अब उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है. दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद गुरुवार को कैबिनेट की पहली बैठक हुई. कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 'आयुष्मान भारत' योजना को लागू करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है. कैग रिपोर्ट को लेकर भी महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनकी कैबिनेट के सभी मंत्री पहले दिन से ही एक्शन मोड में दिख रहे हैं. शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही सीएम रेखा गुप्ता ने अपने कैबिनेट की बैठक बुलाई थी. उस बैठक में दिल्ली से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए. अब दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों को मिल रही व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाओं को खत्म करने का ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही सीएम रेखा गुप्ता ने उन अधिकारियों को उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया है जिन्हें पहले की सरकार ने कहीं और नियुक्त किया हुआ था. इन तमाम अधिकारियों को तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है. आपको बता दें कि कई सारे अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कारपोरेशन में भेजा गया था। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शपथ दिलाई. इसके बाद क्रमशः प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह और रविंद्र इंद्राज सिंह ने शपथ ली। दिल्ली में आयुष्मान योजना को हमने सर्वसम्मति से पारित किया है. इसके तहत 5 लाख का टॉपअप दिल्ली सरकार और 5 लाख केंद्र सरकार देगी, जो कि जल्द ही लागू किया जाएगा। पिछली सरकार ने सीएजी की 14 रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की थी. सदन की पहली बैठक में उन रिपोर्ट्स को पेश किया जाएगा।

कैग की रिपोर्ट भी जल्द होगी सार्वजनिक

उन्होंने बताया कि कुल 14 कैग रिपोर्ट लंबित थीं, जिनमें से कई रिपोर्टों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं. जब ये रिपोर्टें सार्वजनिक होंगी, तो कई बड़े खुलासे सामने आएंगे, जो आम आदमी पार्टी की सरकार की कार्यशैली और विभिन्न विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे. गुरुवार को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के साथ छह विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

अब जानिए पहली कैबिनेट बैठक के फैसले

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कैबिनेट मीटिंग हुई, उसमें हमने मुख्यतः दो बड़े एजेंडे पर चर्चा करते हुए उन्हें पास किया।

ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं।

SYED ZAKI HAIDER
(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

समाचार

मुंबई में फिल्म सिटी के पास झुग्गियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

मुंबई। के गोरेगांव में ऐतिहासिक फिल्म सिटी के द्वार पास झुग्गियों में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गयी। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि संतोष नगर में शाम साढ़े सात बजे आग लग गई जिसे बुझाने के लिए 14 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया, 150 से 200 झुग्गियों तक आग फैल गई थी। आग को चारों तरफ से बुझा दिया गया है और अभियान जारी है। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि बीएमसी ने इन झोपड़ियों में रहने वाले कम से कम 200-250 लोगों के लिए गोकुलधाम नगरपालिका स्कूल में भोजन और आश्रय की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित एजेंसियां और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर मौजूद हैं।

विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री नहीं होंगे: अलका लांबा

बिहार। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद बिहार की राजधानी की अपनी पहली यात्रा पर उन्होंने देर शाम यहां पत्रकारों से बातचीत की। पुलिस बल में आरक्षण जैसे उपायों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के कुमार के दावे के बारे में पूछे जाने पर लांबा ने कटाक्ष करते हुए कहा, नीतीश जी को पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन को याद करना चाहिए, जब जनता दल(यूनाइटेड) सीटों के मामले में तीसरे स्थान पर रही थी.....मैं यह भी भविष्यवाणी कर कर रही हूं कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उन्होंने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 225 से अधिक सीटें जीतने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का भी उपहास उड़ाया और कहा कि भाजपा ने पिछले साल लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटें जीतने का दावा किया।

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

कहा- विकास यात्रा में आपका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पदभार संभालने के एक दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में और उपराष्ट्रपति धनखड़ से राष्ट्रीय राजधानी में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में मुलाकात की। इससे पहले दिन में, रेखा गुप्ता ने समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे आप ने 'अवरुद्ध' कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे के मुद्दों के बारे में भी बात की जिन पर आगामी कैबिनेट बैठकों में चर्चा की जाएगी। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा कि कल कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे आप ने रोक दिया था। योजना जल्द ही सार्वजनिक डोमेन में होगी। आज, हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है। हम गड्ढों के मुद्दे को उठाएंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने भी लोगों से बातचीत की, क्योंकि शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शालीमार बाग में उनके आवास के बाहर उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। लोग मालाएं और फूलों के गुलदस्ते लेकर उन्हें बधाई देने पहुंचे। रेखा गुप्ता ने गुरुवार को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा की दूसरी और राष्ट्रीय राजधानी में चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिपरिषद को पद की शपथ दिलाई। छह अन्य मंत्रियों प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी पद की शपथ ली। शालीमार बाग सीट से निर्वाचित रेखा गुप्ता ने दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव और इसकी राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया है।

क्यों भिड़े हुए हैं बसपा और कांग्रेस के नेता

मायावती ने राहुल गांधी को क्या दी है नसीहत

राहुल गांधी ने मायावती पर क्या कहा है

उदित राज के बयान पर मचा घमासान अभी शांत भी नहीं हुआ था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में एक और बयान बम फोड़ दिया. उन्होंने रायबरेली में दलित युवाओं के साथ संवाद किया. इसमें उनसे मायवती और बसपा पर एक सवाल पूछा गया .इस पर उन्होंने पूछा कि मायावती अब चुनाव ठीक से क्यों नहीं लड़ रही हैं .कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले वह हमारी तरह बीजेपी के विरोध में चुनाव लड़ती थीं, लेकिन अब वह बीजेपी की बी टीम की तरह लड़ रही हैं. उन्होंने कहा, "हम चाहते थे कि सपा,बसपा और कांग्रेस मिल कर बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़े. हम तीनों साथ आ जाएं तो बीजेपी को हरा सकते हैं।

मायावती की राहुल गांधी को नसीहत

बसपा को बीजेपी का बी टीम बताए जाने पर मायावती भड़क गईं.उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कांग्रेस पर ही बीजेपी का बी टीम होने का आरोप लगा दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा. इस वजह से बीजेपी ने सत्ता वापसी की.उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बीएसपी पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए, उनके लिए यही बेहतर होगा।

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। इन दिनों बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के बीच शब्द युद्ध छिड़ा हुआ है. पहले कांग्रेस नेता उदित राज और अब राहुल गांधी के एक बयान पर दोनों पार्टियां आमने-सामने हैं. अब दोनों पार्टियां एक दूसरे को बीजेपी की बी टीम बता रही हैं। हालत यह है कि अब इस लड़ाई में पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही शामिल हो गया है।

बसपा कांग्रेस की लड़ाई का इतिहास

उत्तर प्रदेश में बसपा कांग्रेस की लड़ाई बहुत पुरानी है. इससे पहले 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय भी प्रियंका गांधी और बसपा के बीच बयानबाजी हुई थी. हालात यहां तक पहुंच गए थे कि मायावती ने कांग्रेस को वोट कटवा बता दिया था. उन्होंने कांग्रेस के सीएम चेहरे पर सवाल उठाते हुए प्रियंका गांधी पर हमला किया था. लेकिन चुनाव के बाद सब शांत हो गया था। 1. कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की इ टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए। 1/3

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं. इसके पहले एक बार फिर कांग्रेस और बसपा आमने सामने आ गए हैं. इसी हफ्ते कांग्रेस के दलित नेता उदित राज ने मायावती का 'गला घोटने' तक की बात कर दी. उन्होंने कहा था कि मायावती ने दलित आंदोलन का गला घोंटा, इसलिए अब समय आ गया है कि उनका ही गला घोंट दिया जाए.हालांकि उन्होंने यह भी कगा था कि इसे कांग्रेस का बयान न माना जाए. उन्होंने यह बात लखनऊ में की थी. इसके बाद बसपा ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से उदित राज को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।

दिल्ली कैबिनेट की पहली बैठक में आयुष्मान योजना को किया गया लागू

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद आज बीजेपी के लिए ऐतिहासिक दिन रहा. दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सरकार बनी है. रेखा गुप्ता ने सीएम पद की शपथ ली और इसी के साथ 6 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की. बता दें कि उनके मंत्रिपरिषद में प्रवेश सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह और डॉ. पंकज सिंह शामिल हैं. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और कई राज्यों के मुख्यमंत्री तथा अन्य नेता आयोजन में शामिल हुए और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास- वित्त, योजना, जीएडी, डब्ल्यूसीडी, सेवाएं, राजस्व, भूमि और भवन, आई एंड पीआर, सतर्कता, एआर. (कोई अन्य विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित न किया गया हो)परवेश सिंह साहिब के पास- लोक निर्माण विभाग, विधायी कार्य,

आई एंड एफसी, जल, गुरुद्वारा चुनावआशीष सूद के पास- गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा.मनजिंदर सिंह सिरसा के पास- मंत्री खाद्य एवं आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण, उद्योग.रविंदर सिंह इंद्राज के पास- मंत्री समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता, चुनावकपिल मिश्रा के पास- कानून एवं न्याय, श्रम विभाग, रोजगार विभाग, विकास, कला एवं संस्कृति, भाषा विभाग, पर्यटन विभागडॉ. पंकज कुमार सिंह के पास- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी। सीएम ने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी और सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल होगी. आदरणीय पीएम मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के समर्पित प्रयासों से राष्ट्रीय राजधानी समृद्धि और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। यमुना आरती के बाद सीएम रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय पहुंच गई हैं, यहां वह अपनी कैबिनेट की पहली बैठक करेंगी और अगले 100 दिन का एजेंडा तय होगा। इसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लग सकती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री परवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य भाजपा नेता वासुदेव घाट पर संध्या आरती में शामिल हुए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री परवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य भाजपा नेता वासुदेव घाट पर पूजा कर रहे हैं।

सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी

गंगाराम अस्पताल में कराया गया भर्ती

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को गुरुवार शाम दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें डॉक्टरों की एक टीम देख रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरों की टीम सोनिया गांधी का रूटीन चेकअप कर रही है। उन्हें कल सुबह तक डिस्चार्ज किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी को गुरुवार को रूटीन चेकअप के लिए गंगाराम हॉस्पिटल में लाया गया था. जहां डॉक्टरों की एक टीम उन्हें देख रही है। सर गंगा राम हॉस्पिटल के प्रबंधन से हुई बात के आधार पर जानकारी दी कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट संबंधी परेशानी के चलते गुरुवार सुबह 8:30 बजे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उनकी नियमित जांच की गई और अब उनकी हालत स्थिर है और वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी कि सोनिया गांधी को गुरुवार को हॉस्पिटल में लाया गया. जहां डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है. हालांकि सोनिया गांधी को हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह और समय अभी सामने नहीं आया है।

अरविंदर सिंह लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर



नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। अरविंदर सिंह लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर। अरविंदर सिंह लवली दिल्ली के गांधी नगर विधानसभा सीट से जीतकर 5वीं बार विधायक बने है। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए लवली शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे थे। लवली इस बार करीब 13 हजार वोटों से जीते है। प्रोटेम स्पीकर उस विधायक जो बनाया जाता है जो विधानसभा में सबसे सीनियर हो। लवली प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद विधायकों को शपथ दिलाएंगे और फिर विजेंदर गुप्ता स्पीकर बनेंगे।

कौन हैं अरविंदर सिंह लवली?

अरविंदर सिंह का जन्म लुधियाना में 11 दिसंबर 1968 को हुआ. उनके पिता का नाम बलविंदर सिंह है। लवली ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज से पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया है. कॉलेज के दिनों में ही उनके राजनीतिक करियर की नींव पड़ी। 1987 में उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के महासचिव का पद संभाला. बाद में उन्हें पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया।

केरल का लक्ष्य 2026 तक 15,000 स्टार्टअप खोलना है: मुख्यमंत्री पिनराई विजयन

नूना न्यूज एजेंसी।

केरल। के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य का लक्ष्य 2026 तक 15,000 स्टार्टअप खोलना और एक लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। विजयन ने यहां इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट (केरल वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन) के उद्घाटन समारोह में कहा कि राज्य ने स्टार्टअप क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। केरल में पिछले आठ वर्षों में 5,800 करोड़ रुपये के निवेश से 6,200 स्टार्टअप खाले गए हैं, जिससे रोजगार के 62,000 अवसर उत्पन्न हुए। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 2026 तक 15,000 स्टार्टअप स्थापित करना और एक लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है।

CMYK

राष्ट्रीय उर्दू परिषद के तत्वाधान में 3 दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन का उद्घाटन

(हरेश उपाध्याय)

नई दिल्ली। आज राष्ट्रीय उर्दू परिषद के तत्वावधान में, तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन का शानदार आगाज हुआ।उर्दू सिर्फ एक भाषा नहीं है,यह एक संस्कृति है व एक जीवनशैली है व वैश्विक स्तर की एक समृद्ध भाषा है,जोकि भारत के निर्माण और भारत को आसमान तक पहुंचाने में महज भूमिका निभा सकती है।उक्त विचार प्रसिद्ध बुद्धिजीवी और विचारक राम बहादुर राय ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान व्यक्त किए।उन्होंने परिषद के निदेशक को इस ऐतिहासिक सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में परिषद उर्दू के प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत के निर्माण में,अन्य भाषाओं के साथ-साथ उर्दू भी मजबूत भूमिका निभा सकती है। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रगान और दीप जलाकर किया गया और परिषद के निदेशक डॉ.शम्स इकबाल ने सभी अतिथियों का गुलदस्ता, शॉल और मोमेंटो देकर इस्तकबाल किया।इस उद्घाटन सत्र में डॉ. शम्स इकबाल ने परिचयात्मक टिप्पणी देते हुए सम्मेलन के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना एक राष्ट्रीय सपना है,जिसे साकार करने के लिए समाज के हर वर्ग को सामूहिक भूमिका निभानी होगी, इसमें हमारी उर्दू भाषा सहित देश की अन्य भाषाओं की असाधारण हिस्सेदारी होगी। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के बाद से देश के निर्माण व विकास में उर्दू भाषा और कलाकारों की स्मरणीय भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि चचाएँ ना सिर्फ हमारी भाषा के विकास के नये रास्ते रोशन खोलेगीं,बल्कि विकसित भारत की परियोजना को पूरा करने का रास्ता भी दिखाएगीं।भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में भाषा विभाग की निदेशक सुश्री सुमन दीक्षित ने कहा कि उर्दू एक बहुत ही खूबसूरत भाषा है जिसके शब्द भारत की सभी भाषाओं में पाए जाते हैं।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उर्दू का इस्तेमाल होना चाहिए और भारत के निर्माण में उर्दू की भूमिका भी तय होनी चाहिए। इस सम्मेलन के अतिथि प्रो० एहतेशाम हसनैन ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत' है, जिसमें हमारे देश की सांस्कृतिक घटनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिसमें हमारी उर्दू भाषा भी शामिल है, जिसकी एक विस्तृत शब्दावली है। उन्होंने कहा कि उर्दू एक भारतीय भाषा है, इसकी निन्यानबे प्रतिशत क्रियाएं संस्कृत मूल की हैं। विशिष्ट अतिथि एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने अपने भाषण में कहा कि इस सम्मेलन के उद्घाटन का दिन बहुत यादगार है, जिसके लिए में काउंसिल के निदेशक डॉक्टर शम्स इकबाल को बधाई देता हूं। तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश से आये उर्दू बुद्धिजीवियों व शिक्षकों एवं उर्दू प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

राहुल गांधी बोले- युवाओं को रोजगार देना है तो छोटे व्यापारियों की मदद करनी होगी, जीएसटी को बदलना होगा

नई दिल्ली। 21 फरवरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को लालगंज में आयोजित 'युवा संवाद' में युवाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश में बढ़ती जा रही बेरोजगारी की समस्या से निपटने में केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को भी पूरी तरह से फेल बताया। इससे पूर्व श्री गांधी ने नरपतगंज स्थित 1857 की क्रांति के नायक श्री वीरा पासी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्री गांधी ने रायबरेली स्थित आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री का दौरा किया। 'युवा संवाद' में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के सामने बेरोजगारी और महंगाई दो सबसे बड़े मुद्दे हैं, जिसकी बात भाजपा नहीं करती है। आज हिंदुस्तान का युवा बेरोजगार है। नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू कर छोटे उद्योगों को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को बिना डरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछना चाहिए कि हम कॉलेज-यूनिवर्सिटी जाते हैं, पैसे लगाकर पढ़ाई करते हैं, इस डिग्री का कोई मतलब क्यों नहीं होता, युवाओं को रोजगार क्यों नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर युवाओं को रोजगार देना है तो छोटे व्यापारियों की मदद करनी होगी। जीएसटी को बदलना होगा। बैंकों के दरवाजे हिंदुस्तान के उद्यमियों के लिए खोलने होंगे।

न्यूज डायरी

नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी, । चौकी भाडावास गेट पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव गढ़ी निवासी अंकित के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जांचकर्ता ने बताया कि दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को सती कॉलोनी रेवाड़ी निवासी रोहित सैनी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका संपर्क वर्ष 2021 में जिला महेंद्रगढ़ के गांव गढ़ी निवासी अंकित से हुआ था। अंकित ने उसे पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा दिया था। अंकित ने बताया था कि उसकी अच्छी पहुंच होने के कारण वह उसे 10 लाख रुपये में नौकरी लगवा देगा। वह खुद झज्जर डीसी ऑफिस में लगा हुआ है, जबकि उसके साथ नौकरी लगवाने वाले कई लोगों का ग्रुप भी जुड़ा हुआ है। रोहित ने बताया कि उसने अंकित को तुरंत 1.25 लाख रुपये नकद दिए, जबकि 55 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। जो अंकित उससे पूरे पैसे मिलने पर नौकरी लगवाने की बात कह रहा था। जो इसके बाद माह अगस्त 2021 मे जिला महेंद्रगढ़ के गांव रामबास निवासी प्रवीण ने उससे कहा कि वह भी नौकरी लगना चाहता है जो उसने प्रवीण को भी आरोपी अंकित से मिलवा दिया था। जो अंकित ने प्रवीण को भी यूपी में आयकर विभाग में नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर उसके भी 10 लाख रुपए ले लिए थे। जो इस प्रकार आरोपी अंकित ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके साथ करीब 13 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी प्रदीप को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला महेंद्रगढ़ के गांव गढ़ी निवासी अंकित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी ।

तोशाम के महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग ने आयोजित की भूगोल प्रश्नोत्तरी

तोशाम । गुरुवार को स्थानीय चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा भूगोल प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें बाजी मारते हुए टीम एफ की प्रतिभागी दीपिका, रेनू प्रथम स्थान पर रही। टीम ए की प्रतिभागी रीना, प्रीति तथा साक्षी द्वितीय स्थान पर रही वहीं तृतीय स्थान पर टीम सी की प्रतिभागी मुस्कान, रविता और प्रियंका रही। इसके साथ-साथ महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक प्रश्नोत्तरी में उपस्थित रहे, क्विज मास्टर रामवीर सिंह गौरी और सहायक सोनू कुमार रहे। प्रश्नोत्तरी की शुरुआत विभागाध्यक्ष ज्योति बोडवाल ने की और प्राइज डिसटीब्यूशन महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य राजेंद्र सिंह ने किया। इसके अलावा विभाग के अन्य सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विनोद कुमार, मोनिका जाखड़ और डॉ. सुरेंद्र चहल उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रश्नोत्तरी का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ और उन्होंने बताया कि आने वाली 27 फरवरी को पंजाब जियग्राफर की तरफ से स्टेट लेवल क्विज का आयोजन किया जाएगा जिसमें महाविद्यालय की तरफ से रनिंग ट्राफी चलाई गई है।

विद्यार्थियों को सही पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती करियर काउंसलिंग : दिलबाग सिंह

भिवानी । विद्यार्थियों की रूचि एवं प्रतिभा को सही दिशा देने के उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार एवं एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम के तहत जिला के गांव भानगढ़ स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्थानीय वैश्य महाविद्यालय की स्वपोषित विभाग की निदेशिका डॉ. प्रोमिला सुहाग ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने की तथा मंच का संचालन एसएस अध्यापिका मोनिका ने किया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य ने सम्मानित किया। कैरियर काउसंलिंग कार्यक्रम के तहत डॉ. प्रोमिला सुहाग ने विद्यार्थियों को बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में क्या संभावनाएं है, किस क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर है और कौन से नए कैरियर उभरकर आ रहे हे। डॉ. प्रोमिला सुहाग ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करने में मदद करते है। प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने मुख्य वक्ता डॉ. प्रोमिला सुहाग का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है। जिससे कि वे अपने भविष्य को सुरक्षित एवं सफल बना सकें। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, प्रदीप, सुनील, श्रीभगवान, विरेंद्र डीपीई, मुकेश, अरविंद, मोनिका सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्कूल के मुख्य द्वार के पास सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ दे रहे हैं हादसों को न्योता

कालांवाली । बड़ागुढ़ा क्षेत्र के गांव पंजुआना ढाणी, नहर कालोनी के पास राजकीय प्राथमिक पाठशाला की दीवार के साथ साथ करीब पिछले दस सालों से काफी बड़े बड़े सूखे पेड़ खड़े हैं वो कभी भी गिर सकते हैं जिससे पाठशाला में पढ़ने वाले नन्हे बच्चों के लिए किसी खतरे से कम नहीं। यह सूखे पेड़ पंजुआना नहर कलोनी रोड़ पर बिजली घर से लेकर विश्राम गृह तक खड़े हैं। अतः इस सबंध में सबंधित विभाग को भी अवगत कराया गया था कि सूखे पेड़ों को हटाकर उनकी जगह कोई और फलदार या छायादार पौधे रोपित किए जाने चाहिए लेकिन अभी तक इस समस्या पर किसी ने भी नहीं गौर फरमाया। भविष्य में खुदा न खास्ता यदि कोई अनहोनी घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार सबंधित विभाग ही होगा अतः समय रहते इस ओर ध्यान दिया जाए। इस सबंध में जब ढाणी पंजुआना में राजकीय प्राथमिक पाठशाला के इंचार्ज हरबंस लाल से बातचीत की उन्होंने बताया कि पाठशाला के मुख्य द्वार के सामने पिछले लंबे समय से सूखे खड़े पेड़ों को देख रहे हैं यदि इन्हें हटाकर नए सिरे से पौधे रोपित किए जाएं तो पर्यावरण के साथ साथ बच्चों की भी सुरक्षा होगी। इस सबंध में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि लव केश इंसा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूल स्टाफ़ की मांग जायज़ है। नहर की पटरी पर बनी सड़क किनारे स्कूल के गेट के दोनों ओर बाहरी दीवार के साथ साथ वर्षों पुराने काफी ऊंचाई में खड़े सूखे पेड़ गर्मी के मौसम में तेज आंधी या बरसात के दौरान कभी भी गिर सकते हैं जिससे इनके साथ खड़े बिजली के पोल केबल भी टुटने का खतरा रहता है वही कभी भी कोई पेड़ टुट कर गिरने से कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। अतः सबंधित विभाग से मिलकर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। यदि विभाग की और से सूखे पेड़ हटाए जाएंगे तो उनके जगह ग्राम पंचायत की और फलदार या छायादार पौधे भी लगा देने में सहयोग कर देंगे।

दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव में विज्ञान भैरव तंत्र को समझाया जाएगा: स्वामी संजय

हिसार । ओशो ध्यान उपवन में 22 व 23 फरवरी को महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव आयोजित करके विज्ञान भैरव तंत्र के विविध पहलुओं को साझा किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। हिसार से बाहर से आने वाले साधकों के आवास व भोजन की समुचित व्यवस्था सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में रहेगी। शिविर के दौरान दौरान मां सांची ध्यान की विधियों से रूबरू करवाएंगी। इस शिविर की तैयारियां ओशो ध्यान उपवन में जोर-शोर से चल रही हैं। महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि 22 व 23 फरवरी को दोनों दिन विज्ञान भैरव तंत्र पर आधारित ध्यान के विभिन्न सत्र रहेंगे। पहला सत्र प्रातः 7:30 बजे शुरू होगा। सत्रों के बीच में जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था रहेगी। अंतिम सत्र सायं 7 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सतगुरु ओशो ने अपने प्रवचनों में भगवान शिव के विज्ञान भैरव तंत्र की विस्तृत व्याख्या की है। साधकों को ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में साधकों को विज्ञान भैरव तंत्र व भगवान शिव के सूत्रों को समझने का अवसर मिलेगा। श्वास की विभिन्न विधियों के प्रयोग किए जाएंगे और अपने भीतर गहरे उतरते हुए जागरण के महत्व को स्पष्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विज्ञान भैरव तंत्र को एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथ माना जाता है। यह ग्रंथ भगवान शिव और देवी शक्ति के बीच संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें ध्यान की विभिन्न विधियों का वर्णन किया गया है। विज्ञान भैरव तंत्र का अर्थ ही है, चेतना के पार जाने की विधि। विज्ञान का अर्थ है चेतना, भैरव का अर्थ वह अवस्था है, जो चेतना से भी परे है और तंत्र का अर्थ विधि है, चेतना के पार जाने की विधि। विज्ञान भैरव तंत्र देवी के प्रश्नों से शुरू होता है। देवी ऐसे प्रश्न पूछती है जो दार्शनिक मालूम होते हैं लेकिन भगवान शिव उसी ढंग से उत्तर नहीं देते। देवी पूछती है कि प्रभु आपका सत्य क्या है?

गांव गहली की नीतू ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण

नारनौल। गांव गहली की नीतू ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब एमबीबीएस पास नीतू स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने के लिए मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करेगी। उल्लेखनीय है कि नीतू ने इसी वर्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। नीतू एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। उसके पिता महिपाल जटराणा आर्मी से रिटायर्ड है। छोटा भाई नवीन भी एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस कर रहा है। नीतू का चयन हरियाणा में एएमओ पद पर हो चुका है, जिसका परिणाम अभी कुछ दिन पहले ही आया था। इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। इस संबंध में गहली वासी जाट महासभा के जिला प्रधान विजयपाल एडवोकेट ने खुशी जताते हुए बताया कि गांव की बेटी ने यह मुकाम हासिल कर क्षेत्र व जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि शिक्षा के बिना जीवन व भविष्य अंधकार में है, ऐसे में शिक्षा को हर संभव तरीके से ग्रहण करें। इससे परिवार, गांव, क्षेत्र, जिला व प्रदेश आगे बढ़ेगा। इस मौके पर सरपंच मनजीत कुमारी, माता सती वेलफेयर समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली, राजेंद्र जटराणा, धर्मपाल जटराणा, मालाराम थानेदार, रामफल फौजी, उत्तम सिंह, अजीत सिंह, विक्रम पंच, डॉ. कर्ण सिंह, बिरेंद्र नंबरदार, जगदेव जाखड़, चरण सिंह, उमेद सिंह, दिलबाग सिंह, कर्मबीर, अमित, देवेंद्र, संदीप व राजबीर सहित गांव के लोगों ने खुशी जताई है।

कांग्रेस ने विदेशी फंडिंग के झूठ को लेकर भाजपा पर किया पलटवार

नई दिल्ली। 21 फरवरी कांग्रेस ने यूएसएआईडी फंड के बारे में फैलाए गए झूठ का पदार्फाश करते हुए मोदी सरकार पर हमला बोला है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा है कि भाजपा-आरएसएस इकोसिस्टम द्वारा फैलाई गई 21 मिलियन डॉलर की पूरी कहानी भारत में कांग्रेस सरकारों को अस्थिर करने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल करने के अपने पापों से ध्यान हटाने के लिए बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते से एक कहानी चलाई रही है कि यूएसएआईडी ने मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 21 मिलियन डॉलर दिए। लेकिन, जब इस बारे में मोदी सरकार से सवाल पूछा गया तो कहा गया कि ये पैसा 2012 में यूपीए के समय आया था। अब यह सच सामने आया है कि यूएसएआईडी की 21 मिलियन डॉलर की राशि भारत को नहीं, बल्कि बांग्लादेश को दी गई थी। उन्होंने कहा, एक समय भारत के प्रधानमंत्री के पद की ऐसी साख होती थी कि अमेरिका तक को पीछे हटना पड़ता था, लेकिन आज अमेरिका से बांग्लादेश में 21 मिलियन डॉलर आ गए, पर नरेंद्र मोदी को कुछ पता ही नहीं। उन्होंने पूछा कि मोदी सरकार का ये कैसा खुफिया तंत्र है। क्या बांग्लादेश में आई अस्थिरता का असर भारत पर नहीं पड़ेगा। यूएसएआईडी और मोदी सरकार के संबंधों को उजागर करते हुए खेड़ा ने बताया कि मोदी सरकार के मंत्री लगातार यूएसएआईडी के अधिकारियों से मुलाकात करते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत व यूएसएआईडी के बीच समझौता ज्ञापन की घोषणा की थी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यूएसएआईडी के साथ सहयोग पर चर्चा की थी। 2016 में नोटबंदी से ठीक पहले मोदी सरकार ने यूएसएआईडी से कैशलेस इकोनॉमी पर समझौता किया था। कोविड काल में नरेंद्र मोदी ने यूएसएआईडी से 100 मिलियन डॉलर लिया। 21 जनवरी 2025 को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यूएस-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच के तहत यूएसएआईडी द्वारा आयोजित पैनल चर्चा में भाग लिया था। खेड़ा ने कहा, श्रीमती इंदिरा गांधी सही थीं, जब उन्होंने भाजपा के वैचारिक पूर्वजों और जनता पार्टी के विदेशी हाथ की ओर इशारा किया था। आरएसएस हमेशा से अमेरिका की कठपुतली रहा है। इंदिरा गांधी जी जब प्रधानमंत्री थीं, तब अमेरिका ने जयप्रकाश नारायण के पूरे आंदोलन की खूब तारीफ की थी। आरएसएस के दो प्रमुख नेता अमेरिका जाकर इंदिरा गांधी जी के खिलाफ उल्टी-सीधी बातें अखबारों में छपवाते थे।

अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की शिकायतों पर सुनवाई की गई

रेवाड़ी, । पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस रेवाड़ी में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. रवीद्र बलियाला ने जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की शिकायतों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की रजिस्टर्ड संस्था 'सेवा स्तंब डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क एवम् लाइब्रेरी मॉडल टाउन रेवाड़ी के प्रधान भगतसिंह सांभरिया सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मुख्य मांगों के लिए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के निर्धारित कोटे में से डीएससी वर्ग को शामिल ना करके अलग से आरक्षण देने बारे मांग की गई और हरियाणा सरकार ने जनगणना 2011 के पश्चात अपने स्तर पर अलग से जातिवार सर्वे नहीं करवाया है। और केंद्र सरकार द्वारा 2011 में किए गए आंकड़ों का प्रयोग किया है जो तर्कसंगत नहीं है। यह भी मांग की गई कि अनुसूचित जाति समाज के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्री एग्जामिनेशन सेंटर पुनः खोला जाना चाहिए जिनमें इस वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क तैयारी करवाई जाए ताकि इस वर्ग के सभी बच्चों का शिक्षा का स्तर बढ़ सके।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार उठा रही कारगर कदम

तोशाम। मुख्यमंत्री नायब सिंह कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने के दिशा-निर्देश पर आज वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें डीपीएम वीरेन्द्र श्योराण ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को लघु बचत, तैयार उत्पाद को बेचने, उत्पाद के लिए रामटिरियल खरीदने, नकद बिक्री, उधार बिक्री और उधार की रिकवरी, रजिस्ट्रेशन तथा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करके बारीकी से विस्तृत जानकारी दी गई। बता दें कि सरकार द्वारा महिलाओं को घर चलाने के लिए आर्थिक रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की ओर बेहतर कदम उठाकर अनूठी पहल शुरू की गई है। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को मिनिमम ब्याज दरों में बैंकों से ऋण मुहैया करवाया जाता है। इसके साथ-साथ स्वयं रोजगार के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं बैंक लिमिट भी उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद की बिक्री के अनुसार बढ़ाई जा रही है। वही सरकार द्वारा महिलाओं को सब्सिडी के रूप में स्वयं सहायता समूह के से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

रेखा गुप्ता के दिल्ली का सीएम बनने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर

सोहना, । भारत की राजधानी दिल्ली में पहली बार अग्रवाल समाज की रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। जिला गुरुग्राम के सोहना में श्री अग्रवाल धर्मशाला भवन में अग्रवाल समाज के बंधुओ ने मुख्यमंत्री बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारक बाद दी। आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल प्रधान अशोक गर्ग, पूर्व प्रधान ललित जिंदल, अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश गर्ग, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव टेकचंद बंसल, व्यापार मंडल के उपप्रधान ताराचंद गर्ग एडवोकेट, सुमित गर्ग, पूर्व पार्षद रवि सिंगला, भाजपा के महामंत्री दिनेश गर्ग, पार्षद नीरज सिंगला, बृजमोहन सिंगल आनंद गर्ग, नवीन गोयल, पहलाद गुप्ता, अशोक गोयल, अशोक सिंगला, तारपेश गोयल, अजय सिंगला, केशव जिंदल, कमल बंसल, भारत भूषण सिंगला, चिराग, नितिन सिंगला, राजू सिंगल, जोगिंदर सिंगल आदि समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने मारी बाजी

लोहारू। चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में आज क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल ने की। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से टीम (ननिता, निकिता, सुषमा) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये तीनों छात्राएं राजनीति विज्ञान विभाग से हैं, जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता और त्वरित उत्तरों से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान पर टीम (हिमांशु-एम.ए. अंग्रेज़ी, अमित-बी.एससी. (नॉन मेडिकल), जतिन-बी.कॉम) रही, जबकि तृतीय स्थान टीम (पूजा-एम.ए. राजनीति विज्ञान, सोफिया-बी.कॉम, आचूकी-बी.कॉम) ने हासिल किया। प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए हरियाणवी बोली के शब्दों को भी प्रश्नों में शामिल किया गया, जिससे माहौल अत्यधिक रोचक हो गया। छात्रों और दर्शकों की जबरदस्त भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपनी ज्ञान क्षमता और तर्कशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे माहौल ज्ञानवर्धक और रोमांचक बन गया। इस अवसर पर डॉ. सुखवीर सिंह, डॉ. अजय वशिष्ठ, डॉ. बजरंग, अनिरुद्ध पूनियां,विजय (राजनीति शास्त्र), डॉ. अशोक, डॉ. सीमा (गणित विभाग), डॉ. अंजू, राजेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की प्रधान को दिलाई शपथ

भिवानी। स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित एक नीजि रेस्तरां में जेसीआई भिवानी ब्लॉसम चौथा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि डॉ. वंदना पुनिया ने शिरकत की। इस मौके पर जोन-10 के प्रधान जेएफएम राहुल सिंगला व जोन-10 के उपप्रधान जेसी अमित गौड भी मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की नवनिर्वाचित प्रधान मीनू रानी को इंस्टालेशन ऑफिसर ने शपथ दिलवाई तथा पूर्व प्रधान श्वेता मित्तल ने पदभार सौंपा। इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रधान मीनू रानी ने कहा कि जेसीआई भिवानी ब्लॉसम के माध्यम से उन्होंने समाजसेवा की दिशा में कार्य किया है तथा अब प्रधान पद के साथ उनकी जिम्मेवारियां भी और अधिक बढ़ गई है, जिनका निर्वहन वे पूरी निष्ठा एवं मेहनत से करेंगी। उन्होंने कहा कि वे टीम को साथ लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करेंगी, ताकि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद तक मदद पहुंचाई जा सकें। इस मौके पर चार्टर प्रेसीडेंट डिंपल गोयल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह नए पदाधिकारियों को जिम्मेवारियों का एहसास करवाता है तथा संगठन की मजबूती एवं प्रभावशीलता को बढ़ाने में भी मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि नवनिर्वाचित प्रधान अपने पद एवं दायित्व की गरिमा को रखते हुए जेसीआई भिवानी ब्लॉसम के मूल उद्देश्यों पर चलते हुए समाजहित में मजबूती से कार्य करेंगी।

शोभायात्रा विधि-विधान से भगवान नृसिंह जी का किया गया अभिषेक

स्वाति नक्षत्र में अभिषेक करके लक्ष्मी नृसिंह की निकाली सवारी शोभायात्रा

लक्ष्मी नृसिंह की पालकी को कंधों पर उठाकर श्रद्धालुओं ने की तिरुपति धाम की परिक्रमा

हिसार। अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में लक्ष्मी नृसिंह जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। स्वाति नक्षत्र में प्रातः पूरे विधि-विधान से भगवान नृसिंह जी का अभिषेक किया गया और सायंकाल विधानस्वरूप मंत्रोच्चारण के साथ लक्ष्मी नृसिंह के चल विग्रह को पालकी में शोभायमान किया गया।

बहुरंगी छत्र व मशाल के साथ सवारी शोभा यात्रा की शुरूआत की गई। श्रद्धालुओं ने पालकी को कंधों पर उठाकर धाम की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी और जय लक्ष्मी नृसिंह के उदघोष से गूंज उठा। सवारी शोभा यात्रा के उपरांत सभी साधकों में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं ने श्री तिरुपति धाम में श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी, श्री वरवर मुनि जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं। यहां पर स्थापित 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी अनायास ही ध्यान आकृष्ट करता है। श्री तिरुपति धाम में अन्य मंदिरों के साथ-साथ लक्ष्मी नृसिंह का मंदिर भी स्थापित किया गया है। इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। नृसिंह को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। समृद्धि की देवी लक्ष्मी उनकी पत्नी हैं। इसलिए लक्ष्मी नृसिंह की एकसाथ पूजा की जाती है। भगवान नृसिंह ने हिरण्यकश्यप का वध करके अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इसके लिए उन्होंने आधे सिंह और आधे मनुष्य के रूप में अवतार लिया और हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से प्रह्लाद व राज्यवासियों को मुक्ति दिलवाई। हिरण्यकश्यप को वरदान प्राप्त था कि उसे न तो कोई इंसान मार सकता है और न ही कोई जानवर। न दिन में न ही रात में और न घर के बाहर और न घर के भीतर, किसी अस्त्र-शस्त्र से भी उसे नहीं मारा जा सकता। भगवान नृसिंह ने इस वरदान की मर्यादा का पालन करते हुए हिरण्यकश्यप का वध किया।

समाचार

चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। चिरंजीलाल कॉलेज आफ एजूकेशन डगरोली मे शुक्रवार को विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। बता ते चले कि चिरंजीलाल कॉलेज आफ एजुकेशन डगरोली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा था जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं आसपास के क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों को स्वास्थ्य, साफ-सफाई, सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण वनों की रक्षा एवं अन्य विषयों को लेकर जागरूक कर रहे थे जिसका शुक्रवार को सफल समापन हो गया, इस अवसर पर संस्थान के निदेशक पुनीत अग्रवाल ने सभी को सफल शिविर के लिए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभ कामनाए दी। उन्होने कहा कि शिविर के मूल उद्देश्य डिजिटल शक्ति और युवा पर केंद्रित होकर भविष्य मे कार्य करना चाहिए। वहीं उन्होंने दैनिक जीवन में जल संरक्षण पर विशेष महत्व दिए जाने तथा अपने प्राकृतिक जल के स्त्रोतों को बचाने व उन्हें रिचार्ज करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, विनोद गुप्ता, मनोज शर्मा, लोकेश कुमार, अतुल कुमार, कावेन्द्र सिह, श्वेता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन सदन में सीएम योगी

लखनऊ, 21 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा।

महाकुम्भ : महाशिवरात्रि के लिए बढ़ाई गई आपातकालीन चिकित्सा सुविधा

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अभूतपूर्व रूप से सशक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल, प्रयागराज में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है। साथ ही आईसीयू बेड की संख्या बढ़ाकर 147 कर दी गई है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य के लिहाज से किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मरीजों को मिलेगी त्वरित जीवनरक्षक सेवा

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह के अनुसार वर्ष 2017 में केवल 52 आईसीयू बेड वाले एसआरएन अस्पताल में अब आईसीयू बेड बढ़ाकर 147 कर दिए गए हैं। महाकुम्भ के दौरान किसी भी आपात चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए यह काफी कारगर साबित होगा।

महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी योगी सरकार

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। योगी सरकार आगामी 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महाकुम्भ में स्वच्छता के गढ़े जा रहे नए प्रतिमान, 14 हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट हुआ निस्तारित

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। महाकुम्भ में स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित कर रही योगी सरकार के कुशल प्रबंधन में अब तक 14 हजार मीट्रिक टन सॉलिड वेस्ट को सकुशल निस्तारित किया जा चुका है। सीएम योगी के स्वच्छ महाकुम्भ के विजन को धरातल पर उतारते हुए मेला प्रशासन स्वच्छता प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। महाकुम्भ मेला क्षेत्र की स्वच्छता प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि जब से मेला प्रारंभ हुआ है तबसे लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण निवासरत हैं, जबकि प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। ऐसे में, स्वच्छता के उच्च प्रतिमानों को स्थापित करते हुए प्रतिदिन के आधार पर इसे पूरा करने पर मेला प्रशासन का फोकस है।

सैनिटेशन प्लान से हो रहा कूड़े का प्रबंधन

स्वच्छता प्रमुख (विशेष कार्याधिकारी) अकांक्षा राणा के अनुसार, यहां जितने भी लोग स्नान करते हैं उनकी धारणा है कि स्नान करने के बाद कपड़ों को घाट पर ही छोड़कर नए वस्त्र धारण करके जाते हैं। इसके साथ ही साथ यहां पर बड़े स्तर पर भंडारे चलते हैं, फूड जोन हैं और लोग पैदल चलते हैं तो कचरा काफी रहता है। ऐसे में, इस कचरे का निस्तारण रोजमर्रा की एक बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए मेला जब प्रारंभ हुआ था उसी समय एक सैनिटेशन प्लान बनाया था।

शराब उधार देने से मना करने पर सेल्समैन को जमकर पीटा, दुकान में की तोड़फोड़

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। शुक्रवार को हसनपुर नगर में रहरा अड्डे पर स्थित देशी शराब की दुकान पर 10 /12 दबंग युवकों ने जमकर तोड़फोड़ एवं मारपीट की। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं,सेल्समैन से मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। बता दें की हसनपुर कोतवाली नगर में रहरा अड्डे पर देशी शराब की दुकान है। शुक्रवार को करीब एक दर्जन से अधिक युवक लाठी डंडे एवं सरिया लेकर दुकान पर पहुंच गए। और शराब उधार मांगने लगे। जिस पर सेल्समेन तेजपाल ने उधार देने को मना कर दिया जिस पर दबंग हमलावर हो गए और सेल्समेन के साथ मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं दबंगों ने देसी शराब की दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। दबंगो पर नगदी लूटने का भी आरोप लगा है। दिनदहाड़े हुई इस मारपीट की घटना से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज संदीप पंवार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। वही मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। उधर सूचना मिलने पर भारी संख्या में व्यापारी एकत्र हो गए तथा घटना का जल्द खुलासा करने तथा आरोपियों गिरफ्तार करने की पुलिस से मांग की है इस मौके पर मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, विवेक गुप्ता, शिखर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, रानू रस्तोगी, पंकज भटनागर आदि व्यापारी नेताओं ने पहुंचकर मामले की जानकारी ली तथा पुलिस से अपना विरोध दर्ज कराया।

प्राइवेट अस्पतालों में भी गरीबों का एक कोटा निश्चित किया जाए: कमाल अख्तर

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

लखनऊ/अमरोहा। शुक्रवार को लखनऊ स्थित विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक काँठ कमाल अख़्तर ने स्वास्थ जैसे गंभीर मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा, उन्होंने कहा एक कहावत भी है कि तंदुरुस्ती हजार नेमत है लेकिन यह भाजपा की सरकार इस बात को समझने में नाकाम रही है , सरकार ने पिछले साल के मुकाबले स्वास्थ विभाग का बजट तो बढ़ाने का काम किया लेकिन यह बात अलग है के पिछला वाला पूरा बजट भी सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ संबंधी सुविधाओं पर खर्च नहीं किया , इस बात से क्या फायदा है के बजट बढ़ाते रहो और उसका इस्तेमाल नहीं कर पाओ , यह सरकार की नाकामी को दशार्ता है , उन्होंने कहा आप किसी भी दिन का अखबार उठा कर देख लीजिए किसी ना किसी अखबार में आपको यह देखने को जरूर मिल जाएगा के सरकारी अस्पताल में नहीं मिल रही है मरीजों को दवाई , गुर्दे की बीमारी कि वजह से मरीज इधर से उधर काट रहे हैं चक्कर, बुजुर्गों को नहीं मिल पा रहा है सही से इलाज, मौत के बाद वेंटिलेटर पर करते रहे इलाज, कमाल अख़्तर ने सरकार को आयुष्मान कार्ड को लेकर कठघरे में खड़ा किया , उन्होंने कहा यह आयुष्मान कार्ड मरीजों के साथ एक धोखा है जो सरकार दे रही है , बहुत से अस्पताल तो आयुष्मान कार्ड से इलाज करने को मना ही कर देते हैं , और बहुत से अस्पताल यह कहते हैं के यह वाला इलाज हम नहीं करेंगे , और इस कार्ड के अंदर बहुत सी बीमारी या तो कवर नहीं हैं या फिर बहुत कम अमाउंट के साथ कवर हैं , उन्होंने सीधा कहा यह कार्ड नहीं एक धोखा है जिससे बस मरीज अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हैं , सरकार कहती है एक ज़िला एक मेडिकल कॉलेज लेकिन मुरादाबाद के अंदर कोई भी सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं है , मुरादाबाद के लोगों को अपना अपना इलाज कराने के लिए बाहर जाना पड़ता है , मुरादाबाद के अंदर एक मेडिकल कॉलेज की बहुत सख़्त जरूरत है इसलिये सबसे पहले मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज बनाया जाये , मेरी सरकार से माँग है सभी को उचित इलाज उपलब्ध कराया जाये , उन्होंने आगे कहा सरकार इतना बड़ा बजट ला कर बस अपनी पीठ थपथपा रही है जबकि उत्तर प्रदेश के अस्पतालों का यह हाल है कि कहीं अस्पताल है तो मरीज नहीं , मरीज है तो डॉक्टर नहीं और अगर मरीज और डॉक्टर दोनों हैं तो दवाएँ नहीं , मशीन नहीं हैं, सरकार को इन सब पर लगाम लगानी चाहिए , सरकारी अस्पताल में डॉक्टर्स की जरूरत है बहुत पद रिक्त पड़े हैं सरकार को चाहिए के सबसे पहले इन रिक्त पदों को भर कर मरीजों के हित में काम करे, और प्राइवेट हॉस्पिटल में भी गरीबों का एक कोटा तैयार करे जिससे के कोई भी मरीज पैसे कि अभाव में ना मरे, उन्होंने और कहा मुरादाबाद और अमरोहा के अंदर कार्डोलॉजिस्ट नहीं है गैस्ट्रोलॉजिस्ट नहीं है बताइए यहाँ के मरीज अपना इलाज कराने किधर जाएँगे, मेरी सरकार से माँग है यह सब सुविधाएँ जल्द से उपलब्ध करा कर गरीब जनता के हित के लिए कुछ कार्य किए जाएँ।

भाजपा मंडल प्रतिनिधि की कबाड़े की दुकान से चोरों गल्ले में रखी 4000 रूपए की नकदी पर किया हाथ साफ

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। नगर में चोरों ने भाजपा नेता एवं मंडल प्रतिनिधि की कबाड़े की दुकान पर रखे गल्ले से लगभग 4000 रुपए की खरीज पर हाथ साफ कर पुलिस को चुनौती दे डाली, बताते चलें कि भाजपा नेता पवन राज की अमरोहा अड्डे पर कबाड़ खरीदने की दुकान स्थित है जिस पर वह रोजाना की भांति गुरुवार की देर श्याम दुकान के ताले लगाकर चले गए थे इस बीच रात्रि में किसी समय अज्ञात चोरों ने दुकान के फाटक पर से चढ़कर अंदर पहुंचकर दुकान के गले में रखी लगभग 4000 रुपए की खरीज निकाल कर ले गए, जिसका पता सुबह भाजपा नेता के पिता चंद्रभान सिंह के पहुंचने पर लगा, इस बीच भाजपा नेता पवन राज मौके पर पहुंच गए वह उन्होंने पुलिस को फोन किया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पीड़ित भाजपा नेता पवन राज द्वारा पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है, उन्होंने बताया कि इससे पहले भी दुकान में चोरी हो चुकी है लेकिन उसे समय पुलिस को सूचना नहीं दी थी, वहीं अब दोबारा चोरी होने पर पुलिस को सूचना दी है, इसी इस चोरी को लेकर व्यापारियों में तथा भाजपाईयों में रोष व्याप्त है व्यापारियों की मांग है कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा किया जाए, वहीं पुलिस का कहना है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है जांच जारी है तथा जल्द ही चोरों का पता लगाया जाएगा।

अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में उतरे अधिवक्ता, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन एवं सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिल अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 को वापस लिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति एवं विधि मंत्री केंद्र सरकार के नाम संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी विभा श्रीवास्तव को दिया, अधिवक्ताओं ने कहा कि यह प्रस्तावित संशोधन बिल अधिवक्ता दमनकारी नीति की ओर इशारा करता है, तथा अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा इसे वापस लिए जाना अति आवश्यक है, साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किए जाने वह अन्य कल्याणकारी योजनाएं बीमा योजना आदि अधिवक्ताओं के हित में लागू किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार राणा एवं पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी तथा सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष हुसैन खां, महासचिव टेकचंद सिंह राणा आदि सहित दर्जनों अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे।

ममता दीदी खुद महाकुम्भ आएं और देखें यहां की भव्य व्यवस्थाः हिमन्त बिश्व शर्मा

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। महाकुम्भ में एक ओर देश-दुनिया के करोड़ों भक्त रोजाना त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान करके खुद को धन्य मान रहे हैं, वहीं कुछ दलों द्वारा महाकुम्भ को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी को लेकर एक बड़ा संदेश प्रयागराज की धरती से दिया गया है। शुक्रवार को असम के सीएम और भाजपा के फायरब्रांड नेता हिमन्त बिश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के विवादास्पद बयान पर उन्हें नसीहत देते हुए महाकुम्भ में आने और यहां की भव्य व्यवस्थाओं को खुद अनुभूत करने का निमंत्रण दे दिया है। वहीं, दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेन्दु अधिकारी ने प्रयागराज की धरती को अमृत संगम बताते हुए महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने को प्रत्येक सनातनी के लिए गर्व का क्षण करार दिया। इसके अलावा शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश अदाणी, त्रिनिदाद एंड टोबैगो का प्रतिनिधिमंडल, लोजपा (रामविलास) की सांसद शाम्भवी चौधरी समेत कई दिग्गजों ने किया स्नान कर खुद का जीवन धन्य माना। सभी ने सीएम योगी और स्थानीय प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए इसे अनुकरणीय करार दिया।

हिमन्त ने दीदी को दी नसीहत

प्रयागराज पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी में परिवार समेत स्नान कर असम के सीएम हिमन्त बिश्व शर्मा ने ममता बनर्जी को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन सनातन विरोधी है। मै ममता दीदी से आग्रह करूंगा कि वे भी महाकुम्भ में आयें, यहां की व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखें और संगम में डुबकी लगायें। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन ही अतीत, सनातन ही वर्तमान, और सनातन ही विश्व का भविष्य है। मैं अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैं महाकुम्भ में भाग ले सका। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और सीएम योगी को इतनी बढ़िया व्यवस्था करने के लिए बधाई भी दी।

अविरल-निर्मल गंगा के संकल्प के साथ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शुक्रवार को महाकुम्भ में श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाई। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान कर उन्होंने गंगा संरक्षण और स्वच्छता अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। स्नान के बाद जल शक्ति मंत्री ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने महाकुम्भ में योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर योगी सरकार ने बेहतरीन कार्य किया है।

हर किसी ने गंगा की निर्मल धारा और उसकी पवित्रता को महसूस किया

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गंगा को निर्मल और अविरल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने ह्यनमामि गंगे' मिशन की सफलता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अब तक 59 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुम्भ में आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी भक्त भी शामिल हैं। हर किसी ने गंगा की निर्मल धारा और उसकी पवित्रता को महसूस किया और उसकी स्वच्छता की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे अभियान के तहत सैकड़ों घाटों का सौंदर्यीकरण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना और औद्योगिक कचरे के शोधन जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए स्थानीय समुदायों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी सक्रिय रूप से शामिल कर रही है।

गंगा को स्वच्छ रखने के लिए की अपील

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं से अपील करते हुए केंद्रीय मंत्री ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंगा जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्लास्टिक और अन्य कचरे को नदी में न डालें और सरकार के स्वच्छता अभियानों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गंगा की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है, और इसके लिए हमें अपने आचरण में बदलाव लाना होगा।

त्रिवेणी के अमृत जल से स्नान कर पुण्य के भागीदार बने प्रदेश की जेलों में बंद कैदी

महाकुम्भ नगर, 21 फरवरी। प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पहुंच गया है। इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला। यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर हो गए।

प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया

प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुम्भ में करीब 59 करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है। प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है। इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े-बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया। इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल

बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय 1700 से कैदी है इन्हें 1400 से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है। शासन के निर्देश पर त्रिवेणी से एक कलश में वहां का पावन जल लाया गया। जेल के अंदर विधि विधान से उसका पूजन किया गया और फिर इसी जल को जेल के अंदर बनाए गए कुंड में डाल दिया गया। इसी जल से जेल के कैदियों ने पुण्य स्नान किया है।

जिला जेल के बंदियों को भी मिला पुण्य अवसर

प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल के अलावा जिले की जिला जेल के बंदियों को भी अमृत काल में संगम के पुण्य जल से स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर मिला। प्रयागराज जिला जेल की वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे बताती हैं कि जेल में वर्तमान में 1300 से अधिक बंदी हैं। इनमें 1000 से अधिक बंदियों को महाकुम्भ के जल से पुण्य स्नान के लिए व्यवस्था की गई। संगम से लाए गए पवित्र जल को विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उसी जल से कैदियों ने पुण्य स्नान किया है।

हरियाणा

हरियाणा सरकार ने अनुराग रस्तोगी को फिर से मुख्य सचिव बनाया, लक्की आईएएस हैं रस्तोगी

सरकार ने अभी तक एफसीआर नियुक्त नहीं किया, लिंक अफसर के नाते गृह सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा देखेंगी एफसीआर का जिम्मा

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा सरकार ने आखिरकार आधी रात को 1990 बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव नियुक्त कर दिया। सरकार ने अभी तक मुख्य सचिव के तुरंत बाद सीनियरमोस्ट राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्तायुक्त राजस्व (एफसीआर) पद पर नियुक्ति नहीं की है। लिंक अफसर के नाते गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा के पास एफसीआर की जिम्मेवारी आ गई है। वैसे हरियाणा की भाजपा सरकार पहले ही वित्तायुक्त राजस्व पद पर नियुक्ति में देरी करती रही है। टीवीएसएन प्रसाद जब गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव थे तब वित्तायुक्त राजस्व की जिम्मेवारी लिंक अफसर के नाते वे ही देखते रहे थे।

सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा हैं अनुराग रस्तोगी से वरिष्ठ आईएएस

अनुराग रस्तोगी

डॉ. सुमिता मिश्रा

सुधीर राजपाल

हरियाणा सरकार की मुख्य सचिव कार्यालय की वैबसाइट पर आईएएस अफसरों की ग्रेडेशन लिस्ट के मुताबिक अनुराग रस्तोगी से वरिष्ठ 1990 बैच के ही आईएएस सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा हैं मगर उन्हें मुख्य सचिव नहीं लगाया है। अनुराग रस्तोगी, अंकुर गुप्ता और डॉ. राजाशेखर वुंडरू ने प्रतिवेदन देकर हरियाणा सरकार से आग्रह किया हुआ है कि चूंकि सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा दूसरे कैडर से हरियाणा कैडर में आए हैं इसलिए नियमानुसार आंतरिक वरिष्ठता में दोनों अफसरों को पहले से हरियाणा कैडर में आए आईएएस अफसरों को कनिष्ठ माना जाए। हालांकि सरकार ने इस प्रतिवेदन का कोई फैसला नहीं किया है मगर सरकार ने पहले तो केंद्र से डॉ. विवेक जोशी को हरियाणा बुलाया और उनकी ज्वाइनिंग के बीच तीन दिन के लिए अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव बना दिया। अब विवेक जोशी भारत चुनाव आयुक्त नियुक्त हुए हैं तो सरकार ने फिर से अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव नियुक्त कर दिया। सरकार ने उन्हें वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की भी जिम्मेदारी दी है क्योंकि वे वित्त विभाग को 03 अगस्त, 2022 से देख रहे हैं। अब विधानसभा में बजट पेश किया जाना है जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। रस्तोगी मुख्य सचिव बनने से पहले वित्तायुक्त राजस्व और वित्त विभाग की जिम्मेवारी देख रहे थे। अनुराग रस्तोगी ऐसे लक्की आईएएस हैं, जो दो बार मुख्य सचिव बन गए हैं।

क्या रस्तोगी को एक्सटैंशन मिलेगी?

हरियाणा कैडर के आईएएस अनुराग रस्तोगी ऐसे अफसर हैं, जिन्हें हर सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी मिलती रही है। सरकार ने एक प्रकार से आंतरिक वरिष्ठता में अनुराग रस्तोगी को सीनियर मान लिया है इसलिए उन्हें फिर से मुख्य सचिव नियुक्त कर दिया है। उनकी रिटायरमेंट तिथि 30 जून, 2025 तय है। सीनियरमोस्ट आईएएस सुधीर राजपाल की रिटायरमेंट तिथि 30 नवंबर 2026 है जबकि डॉ. सुमिता मिश्रा की रिटायरमेंट तिथि 31 जनवरी, 2027 है। अगर सरकार ने इन दोनों में से किसी अफसर को वित्तायुक्त राजस्व नियुक्त कर दिया तो स्पष्ट हो जाएगा कि रस्तोगी के रिटायरमैंट के बाद किस अफसर को मुख्य सचिव बनाया जाएगा। हालांकि सरकार अनुराग रस्तोगी को एक्सटैंशन भी दे सकती है। इसके लिए अफसरों की कमी को आधार बनाया जा सकता है। अगर एक्सटैंशन नहीं दी गई तो सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा में से किसी को मुख्य सचिव बनाया जा सकता है।

24 फरवरी को निकाय चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी करेगी भाजपा

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, मंत्री विपुल गोयल की उपस्थिति में संकल्प पत्र को लेकर हुई बैठक में लिया गया फैसला

चंडीगढ़, फरवरी : निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र लगभग तैयार कर लिया है और यह संकल्प पत्र भाजपा 24 फरवरी को जारी कर देगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के अनुसार संकल्प पत्र को मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक के भाजपा कार्यालय मंगल कमल से जारी करेंगे। गुरुवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, विजयपाल एडवोकेट की उपस्थिति में भाजपा के नेताओं ने संकल्प पत्र तैयार करने को लेकर घंटों मंथन किया। इस बैठक में शहर और वार्डो के मुद्दों पर चर्चा हुई और इसे अगले एक दो दिनों में ही तैयार कर लेने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के अनुसार 24 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी निकाय संकल्प पत्र जारी कर देगी। संकल्प पत्र को लेकर 3 बजे ही प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, एडवोकेट वेदपाल, एडवोकेट विजय पाल सहित तमाम नेता गुरुकमल कार्यालय में पहुंच गए थे। जैसे ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक में पहुंचे वैसे ही मीटिंग में संकल्प पत्र पर विस्तृत चर्चा शुरू हुई। सभी नेताओं ने लोगों और कार्यकर्त्ताओं द्वारा भेजे गए सुझावों पर भी गहनता से विचार किया और अहम मुद्दे प्वाइंट आउट किए गए। इसके बाद एक-एक मुद्दे पर चर्चा हुई। संकल्प पत्र जारी करने को लेकर बैठक में निर्णय ले लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि 24 फरवरी को भाजपा अपना संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के लिए कुछ और भी अच्छे सुझाव आएंगे तो अगले एक दो दिनों में उन्हें भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश के नेता संकल्प पत्र जारी करने के मौके पर उपस्थित रहेंगे। बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से जनता खुश है और जनता ने ही अपना आशीर्वाद देकर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। अब नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार है और अब स्थानीय निकाय में भी भाजपा जीतेगी, इससे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज से विकास के कार्य करेगी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मिजोरम व अरुणाचल प्रदेश स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मिजोरम व अरुणाचल प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर, दोनों खूबसूरत राज्यों की समृद्ध विरासत, एकता और प्रगति का जश्न मनाते हुए, दोनों राज्यों के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने आज वीरवार को हरियाणा राजभवन में मिजोरम व अरुणाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों से आत्मीयता व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते हुए दोनों राज्यों की महान संस्कृति, परंपराओं, भाषा, शिक्षा, संगीत, पर्यटन, व्यंजन, खेल और स्थानीय प्रथाओं को साझा किया। प्रतिनिधियों ने भी राज्यपाल को अपने राज्य के ऐतिहासिक महत्व की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य बेहद खूबसूरत राज्य हैं, जहां आदिवासी जातीय समूह और अन्य लोग एक साथ प्रेम-प्यार व सद्भाव से रहते हैं। राज्यपाल ने प्रतिभागियों को देश के रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करने और उन्हें संरक्षित करने की सलाह दी। उन्होंने प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा प्रदेश के चहुमुखी विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं सभ्यता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी देश-प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा एवं मातृभाषा उसकी पहचान होती है। इसलिए सभी युवाओं और प्रदेशवासियों को चाहिए कि वे अपने राज्य की महान संस्कृति एवं सभ्यता को संजोये रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहे। बंडारू दत्तात्रेय ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम विभिन्न प्रदेशों के रीती-रिवाजों और महान संस्कृति एवं सभ्यता के माध्यम से लोगों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करने और युवाओं में सद्भाव पैदा कर देश को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में पिरोए रखने का कार्य कर रहा है।

23 फरवरी को अटल पार्क में स्प्रिंग फेस्टिवल का आयोजन: धर्मवीर

अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका बतौर मुख्य अतिथि करेंगे उद्घाटन।

करनाल बीटू संधू

हरियाणा। शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से 23 फरवरी, रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर- 44 पर स्थित अटल पार्क में 21वें स्प्रिंग फेस्टिवल-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका बतौर मुख्य अतिथि प्रातः 10.30 बजे स्प्रिंग फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन सांय 04.30 बजे नगर निगम करनाल के संयुक्त निदेशक देवेंद्र शर्मा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। यह जानकारी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता धर्मवीर ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा फूलों की खेती के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बसंत महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न किस्मों के फूलों को लेकर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएंगी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए मोबाईल नंबर 8059575762 व 7206777997 पर संपर्क करें।

एसडीएम अनुभव मेहता ने ली जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। एसडीएम अनुभव मेहता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम अनुभव मेहता ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने विभाग से संबंधित निर्धारित लक्ष्य पूरा करें और ऋण से सम्बंधित आवेदनों को जल्दी निपटाएं। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार हन्दुजाने एसडीएम का स्वागत किया और बैठक के एजेंडे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से एलडीओ कंवल किशन और डीडीएम नाबार्ड से हिमांशु खत्री ने भी अपने विचार रखे। बैठक में विभिन्न बैंकों से आये हुए सभी डीसीओ एवं सरकारी विभाग के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें जिला के सभी बैंकों की उपलब्धियों का अवलोकन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार हन्दुजा ने सभी बैंक अधिकारियों को सुझाव दिया कि बिना वजह ऋण आवेदन पत्रों को लंबित न करें, इससे बैंक की छवि खराब होती है। सभी बैंक अधिकारियों व शाखा प्रबंधको को कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकृत किया जाये जिससे कि उनको इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर जनहित में चल रही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने की राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता, सांसद, विधायक और प्रशासनिक सचिवों ने लिया हिस्सा

- भ्रूण जांच करने वाले व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए सुनिश्चित : नायब सिंह सैनी

यमुनानगर, फरवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को त्वरित लाभ मिले। नागरिकों के जीवन को सुगम व खुशहाल बनाना सरकार का दायित्व है, इसलिए सभी अधिकारी प्राथमिकताएं तय करते हुए जनता की परेशानियों व शिकायतों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां प्रशासनिक सचिवों और जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक की सह-अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने की। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिंगानुपात की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भ्रूण जांच करने वाले व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर इस दिशा में तीव्र गति से कार्य करें। इसके अलावा उपायुक्तों को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को बाजार की सुविधा सुनिश्चित करवाने के लिए साझा बाजार हेतु स्थान चिन्हित करें। समीक्षा बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्कूल ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 6 से 18 वर्ष के बच्चों की जांच की जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल विकास को विशेष बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जहां-जहां तालाबों की सफाई का कार्य चल रहा है वहां जाकर समय-समय पर निरीक्षण करते रहें।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर दिया बल

वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बैस्ड होना चाहिए। एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा, श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

निगम चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक ने ली बैठक

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से करवाएं जाएं निगम के चुनाव: मनीता मलिक

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। निगम चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक मनीता मलिक ने शुक्रवार को उपायुक्त कैम्प कार्यालय में निगम चुनाव से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि चुनाव को लेकर कोई भी अधिकारी कौताही ना बरते। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी चुनाव डयूटी में निभाई जाने वाली भूमिका पर विशेष ध्यान दें, यदि कोई अधिकारी और कर्मचारी चुनाव डयूटी में कौताही बरतता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि जिला में निगम चुनाव को लेकर रैली स्थल और पोस्टर बैनर इत्यादि लगाने के स्थान चिन्हित किए जाएं। संवेदनशील बूथों पर सभी सम्बंधित अधिकारी व्यक्तिगत दौरा करें। यही नहीं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष चौकसी भी बरती जाए। मनीता मलिक ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल से काम करें। चुनाव के दौरान यदि किसी भी अधिकारी को दिक्कत आती है तो वह रिर्टनिंग अधिकारी से सम्पर्क करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि चुनाव डयूटी में लगे सभी अधिकारी ईमानदारी से चुनाव सम्पन्न करवाएं। इस मौके पर एसडीएम एवं रिर्टनिंग अधिकारी ब्रहमप्रकाश, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, तहसीलदार विरेन्द्र गिल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, जीएम रोड़वेज विक्रम कम्बोज इत्यादि सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष्य में वर्कर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन

करनाल बीटू संधू

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष्य में रेड क्रॉस सोसाइटी, करनाल में वर्कर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के रेड क्रॉस सोसाइटी में पहुंचने पर सचिव कुलबीर मलिक ने उनका स्वागत किया। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने उपस्थित वर्कर्स से बातचीत की और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित वर्कर्स को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने बारे प्रेरित किया।

राजकीय महाविद्यालय करनाल में लगाया गया शिविर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय करनाल में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डा. सुभाष चन्द्र शर्मा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया व आभार प्रकट किया। डा. इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सेनेटरी नैपकिन का प्रयोग करने व संबंधित सूचना का महिलाओं के हित में प्रसार करने का आग्रह किया। उन्होंने कुछ महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन प्रदान कर सेन?

डॉ मंगलसेन सभागार में हुआ स्थानीय निकाय चुनावों के दृष्टिगत पीओ तथा एपीओ का प्रशिक्षण: संजय टांक

निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक चुनाव के दायित्वों से कराया अवगत

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। स्थानीय निकाय चुनावों के दृष्टिगत शुक्रवार को स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संजय टांक की अध्यक्षता में दिया गया। इस मौके पर डीडीपीओ संजय टांक ने बताया कि आगामी 2 मार्च को नगर निगम के मेयर पद का और नगर निगम के पार्षदों का चुनाव होना है तथा 12 मार्च को मतगणना होनी है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से पीओ तथा एपीओ को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के कार्यों के दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने पीओ तथा एपीओ को बताया कि वे अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। उन्हें मतदान से एक दिन पहले बूथ पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम को मतदान केंद्र की खिडकी के पास नहीं रखा जाना चाहिये। यदि किसी बूथ के बाहर निर्धारित समय के बाद भी मतदाताओं की लाईन लगी हो तो सभी के वोट डलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चुनाव के दौरान ईवीएम खराब होने की स्थिति में उठाये जाने वाले कदमों की जानकारी दी। ईवीएम में किसी भी प्रकार की खराबी के बारे में अविलम्ब एआरओ को सूचित करें। उन्होंने बताया कि यदि मतदान के दौरान बीयू/सीयू खराब होता है तो पूरा सेट बदलना जरूरी है। फिर नई मशीन से पुनः मॉक पोल प्रक्रिया पूरी करें। नेत्रहीन मतदाता पोलिंग बूथ तक अपने साथ सहयोगी को ला सकते हैं।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरी, चालक की दबकर मौत

■ कोंच(जालौन)

अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में जाकर पलट गयी जिसमे उसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गयी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार सर्किल के नदीगाँव निवासी वीरेंद्र सेंगर 45 वर्ष पुत्र बहादुर ट्रैक्टर चलाकर मजदूरी करता है। गुरुवार की सुबह वह नदीगाँव से खाली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कोंच आया और यहां से सरिया लादकर वापस नदीगाँव जा रहा था। सुबह करीब

जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली सहित मुख्य मार्ग के किनारे स्थित गहरे खंदक में जाकर पलट गया और ट्रॉली के नीचे दबकर वीरेंद्र दब गया। राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।सीएचसी पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, एसएसआई अभिलाष मिश्रा और खेड़ा चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने आवश्यक जांच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाईक सवार जीजा- साले कार की टक्कर से गंभीर घायल

जालौन-उरई। शादी समारोह से वापस घर लौट रहे युवक की बाइक में अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में जीजा साले घायल हो गए। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि बीती 19 फरवरी को उनका भाई पवन व जीजा सोनू निवासी राजपुरा बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए उरई गेस्ट हाउस गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर वह दोनों करीब 12 बजे वापस घर लौट रहे थे। घर लौटते समय जालौन नहर के पास अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई व जीजा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें उच्च संस्थन रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सूने घर में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगा कर दी जान

■ जालौन-उरई

सूने घर में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने पंखे के कुंडे से लटक कर जान दे दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी पूरन दोहरे (38) मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पूर्व पत्नी प्रीति मायके में आयोजित होने वाले शादी समारोह में शामिल होने के लिए बच्चों के साथ मायके चली गई थी। घर पर पूरन अकेला ही था। गुरूवार की सुबह जब उसके घर के दरवाजे नहीं खुले तो मोहल्ले के

लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा। जब मोहल्ले के लोग अंदर पहुंचे तो एक कमरे में पूरन पंखे के कुंडे पर साड़ी का फंदा गले में डालकर उस पर लटकता हुआ दिखा। कमरे का दरवाजा भी अंदर से बंद था। उसे फांसी के फंदे पर लटकता देख मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और शव को फंदे से उतरवाकर परिजनों को जानकारी दी। साथ ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि पूरन मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। पत्नी प्रीति व बच्चे अंश (7), राज (9) व पलक (5) शादी समारोह में गए थे। तभी पूरन ने अकेले घर में फांसी लगा ली। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

ग्लोबल वार्मिंग को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट को मिली सराहना

■ जालौन-उरई

महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लोबल वार्मिंग को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट को उपस्थितजनों ने जमकर सराहा।

महाराणा प्रताप साइंड एकेडमी में आयोजित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चे जो सीखते हैं, उसे अपने जीवन में भी करने के लिए भी प्रेरित होते हैं। किताबी ज्ञान के साथ ही उन्हें सीखने का भी हुनर मिलता है। जिससे शिक्षा और भी दिलचस्प हो जाती है। बच्चों ने जिस प्रकार से विज्ञान प्रोजेक्ट में अपने कौशल का प्रयोग किया है, वह सराहनीय है। आगे उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में और भी अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रदर्शनी में योगासन माडल मोहनी, संसद का नया भवन नत्या, टाइप आफ एग्रीकल्चर, सोलर सिस्टम गौरी गुप्ता, हमारा स्कूल संध्या, आटोमैटिक स्ट्रीट लाइट भारती, मिक्स फार्मिंग एंड हार्वेस्टिंग नैंसी, सड़क दुर्घटना सावन्या, जलियांवाला बाग अग्रज, भूकंप अलार्म लवकुश, फायर अलार्म भावेश, ग्रीन हाउस समर, राष्ट्रीय प्रतीक आदित्य के अलावा लवकुश, रूस्तम, कार्तिक, सोम, कन्हैया, सुर्यांश, सौरभ आशीष आदि ने विज्ञान आधारित मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए।

विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर निरूद्ध बन्दियों से की पूछताछ

महिला बन्दी व उनके बच्चों की चिकित्सा व खान-पान को परखा

■ उरई

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने आज जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व

खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।

इस अवसर पर कारापाल प्रदीप कुमार, उपकारापाल अरविन्द कुमार सिन्हा व अमर सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

महिला ने 5 वर्षीय मासूम के साथ जहर खाकर दी जान

■ उरई

रेलवे फाटक के पास घर के अंदर संदिग्ध हालत में महिला व बच्ची का शव मिलने से समूचे मुहल्ले में हड़कंप मच गया। उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने के साथ ही शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार शहर के मुहल्ला रामनगर अजनारी रोड़ रेलवे क्रासिंग के पास रहने वाले अश्विनी कुमार की लगभग 30 वर्षीया पत्नी प्रियंका ने अपनी बच्ची के साथ मिलकर घर के अंदर संदिग्ध हालत में आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह, शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजयब्रम्ह तिवारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करने के साथ ही मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के संबंध में सीओ अर्चना सिंह का कहना हैं कि दिनांक -20 फवरी को डायल 112 द्वारा सूचित किया गया कि मोहल्ला राम नगर में एक महिला ने स्वयं तथा अपनी पुत्री को जहर खिला कर जान दें दी, जिस पर वह कोतवाली प्रभारी के साथ मौके पर पहुंची टीम द्वारा साक्ष्य संकलित कर शवो को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया गया, हैं पुलिस मामले की जाँच कर रहीं हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया मुआयना

छोटी-मोटी कमियां पाए जाने पर सीओ कोतवाल को दिए निर्देश

■ कोंच(जालौन)

जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कोतवाली सहित महिला हेल्पडेक्स मैस बैरिग आदि का निरीक्षण कर अभिलेख देखे। कुछ अभिलेखों में कमी पाए जाने पर उन्होंने सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक को अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं को लेकर उन्होंने शीघ्र ही विवेचना पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। मैस का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि मैस की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, इसकी मरम्मत के लिए बजट हेतु पत्र लिखने के निर्देश दिए।एसपी ने मालखाना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कारतूसों की संख्या जांचने के लिए क्रास चैकिंग कर कुछ कारतूस अपने पास रख कर कारतूसों की जानकारी ली।तथा हेड कांस्टेबल से यह पूंछा कि कितने कारतूस हमने छिपाए है हेड कांस्टेबल द्वारा

गिनती के बाद सही जानकारी दिए जाने पर एसपी ने हेड कांस्टेबल को शाबाशी दी। कोतवाली परिसर में साफ़ सफ़ाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के भी एसपी ने निर्देश दिए। कोतवाली में खड़े तमाम वाहनों को देख एसपी ने निस्तारण करने के निर्देश दिए। कोतवाली में अब तक विवेचना कक्ष निर्माण न होने पर उन्होंने जल्द ही कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उधर नगर में जाम की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि रजिस्टर्ड ई रिक्शा ही नगर के अंदर चलेंगे। शेष नगर के बाहर चलेंगे। इसके लिए कार्यवाही जल्द की जाएगी।एसपी ने कहा हॉट स्पॉट चिन्हित कर वहां कैमरे लगवाए जिससे बाहन चोरी जैसी घटनाओ पर अंकुश लग सके।उन्होंने एनसीआर रजिस्टर, अपराध रजिस्टर,हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, रजिस्टर नं 4,वाहन चोरी रजिस्टर, एससी एसटी रजिस्टर आदि का बारीकी से अबलोकन कर बिंनदुबार चैक किया जहां कही कुछ कमी मिली तो अभिभावक की तरह अधीनस्थो को समझाकर कमियाँ दूर करने को कहा तथा कहा कि सब कुछ टनाटन रखे तथा कोतवाली कोंच को आदर्श बनाए।एसपी ने चौकीदारो से वार्ताकार कहा कि पुलिस विभाग के चौकीदार सबसे अभिन्न अंग होते है इसलिए क्षेत्र में होरही सारी गतिविधियो की जानकारी पुलिस को देते रहे एसपी ने उपस्थित सभी चौकीदारो को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी,प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय,वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिलाष मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर लल्लूराम,मनीष तिवारी,अनुराग राजन, साजिद खान, अशोक वर्मा,संजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं पर प्रभावी कार्यवाही कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें-जिलाधिकारी

किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी समस्याये

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन विकास भवन उरई में स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी जालौन, उप कृषि निदेशक जालौन, जिला कृषि अधिकारी जालौन, अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी जालौन, अधिशासी अभियन्ता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड

प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग उरई, सहायक अभियन्ता जल निगम उरई, सहायक अभियन्ता डाल नहर उरई, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जालौन, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी जनपद जालौन, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड जालौन, सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति उरई, अध्यक्ष भूमि परीक्षण प्रयोगशाला उरई, प्रतिनिधि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक उ0प्र0 सहकारी समितियां जालौन, रेशम अनुरक्षक जालौन, प्रतिनिध जिला प्रबन्धक फसल बीमा कम्पनी सहित सम्बन्धित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन दिनेश प्रताप सिंह, सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा विद्युत विभाग, नहर विभाग, फसल बीमा, लघु सिंचाई, वन विभाग एवं अन्य से सम्बन्धित समस्यायें बताई गई जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं निस्तारण से शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित कृषकों का आभार व्यक्त किया गया।

अलग-अलग स्थानों से आधा दर्जन नशीले पदार्थो के तस्कर गिरफ्तार

■ उरई

थाना डकोर एवं कदौरा पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 06 अभियुक्तगण को गिरफ़्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

डकोर व कदौरा थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से आधा दर्जन नशीले पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया गया है पकड़े गए तस्करों के पास से तकरीबन सारे 18 किलोग्राम गांजा एवं 30 लीटर नाजायज शराब बरामद की गई है सभी तस्करों पर विदिक कार्रवाई करने के उपरांत उन्हें जेल भेजा गया है,पकड़े गए तस्करों के नाम शाहरुख अली पुत्र नौशाद अली ग्राम चक जगदेवपुर कोतवाली उरई, ऋषि कुमार पुत्र नीरज तिवारी रामनगर उरई, अमन पटेल पुत्र बृजेंद्र पटेल निवासी रामनगर कोतवाली उरई संदीप पुत्र चंद्रपाल निवासी मोहन पूर कुदारी कोतवाली जालौन ,मोहित शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्याम बाबू शर्मा निवासी मोहल्ला नारायणपुर जिला औरैया रघुनाथ पुत्र नंदकिशोर निवासी थाना डकोर बताए गए हैं सभी अभियुक्तों को पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया है।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब आदि वार्डो का भी दौरा किया। उन्होंने मरीजों से सीधे वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल एक संवेदनशील स्थान है, जहां साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है।

किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दवा वितरण केंद्र पर मरीजों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को दवाएं बिना किसी विलंब के उपलब्ध कराई जाएं और कोई भी मरीज दवा के अभाव में परेशान न हो। पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्टों की समयबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने लैब टेक्नीशियनों को निर्देश दिए कि सभी जांच रिपोर्टें निर्धारित समय में मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं ताकि उपचार में देरी न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से रिपोर्ट के लिए चक्कर न लगाने पड़ें। अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की हाजिरी रजिस्टर को देखा। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता और सहानुभूति होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए और किसी भी समस्या के समाधान में कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिला अस्पताल में आने वाला हर मरीज संतुष्ट होकर जाए और उसे बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित चिकित्सक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्षोल्लास

■ कानपुर

गुरुवार को दिल्ली में 27 वर्षों के उपरांत भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय में भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह दीपू पांडे दिनेश कुशवाहा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सहित सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर एवं आतिशबाजी कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

इस ऐतिहासिक विजय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि यह जीत दिल्ली की जनता की आशाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी की जीत है। यह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और सेवा भाव का परिणाम है कि दिल्ली की जनता ने पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर सरकार बनाने का अवसर प्रदान किया।उन्होंने आगे कहा कि यह विजय पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता के विश्वास का प्रमाण है। आने वाले समय में भाजपा सरकार दिल्ली में सुशासन, विकास और जनता की सेवा हेतु समर्पित रहेगी।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की और दिल्ली में पार्टी की जीत को ऐतिहासिक क्षण बताया।

मिष्ठान वितरण में जसविंदर सिंह,प्रकाश वीर आर्य,आनंद मिश्रा, गौरव पांडे अर्जुन बेरिया दीपू पासवान सुमीत तिवारी अमित सिंह परिहार दीपांकर मिश्रा सनी जायसवाल विनित दुबे अंकित शर्मा अनीता त्रिपाठी मीरा भदौरिया एम पी सलोनिया अर्चना आर्या वीरेंद्र दिवाकर गोलू शुक्ला पार्षद अशोक पाल विकास सविता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शास्त्र के साथ अर्थ भी शिखर पर, त्रिवेणी के तट पर अध्यात्म ने गढ़ी अर्थशास्त्र की नई परिभाषा

एजेंसी, महाकुंभ नगर

महाकुंभ में संतों ने जहां शास्त्र पर गहन चर्चा की, वहीं श्रद्धालुओं ने अर्थशास्त्र की नई परिभाषा गढ़ दी। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ से सरकार को 54 हजार करोड़ के राजस्व का अनुमान है। इसके साथ ही 60 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिला है। होटल, परिवहन और खाद्य सेक्टर ने महाकुंभ के दौरान लंबी छलांग लगाई है। इस दौरान तीन लाख करोड़ रुपये (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के व्यापार का भी अनुमान है। सिर्फ प्रयागराज ही नहीं आसपास के 150 किलोमीटर के दायरे में व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। महाकुंभ में आंकड़ों के अनुसार अब तक 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। इनमें से 40 करोड़ लोगों ने औसतन तीन हजार रुपये प्रति व्यक्ति खर्च किया है। इस आधार पर अब तक एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। अर्थशास्त्र के प्रेरित और अप्रेरित प्रभाव के अनुसार यह खर्च दो से ढाई गुना तक बढ़ सकता है। इसके अनुसार आर्थिक प्रभाव तीन लाख करोड़ (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच चुका है। महाकुंभ में अनुमानित एक लाख 20 हजार करोड़ का प्रत्यक्ष धन प्रवाह हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा। इससे एक मजबूत रिपल इफेक्ट उत्पन्न होगा। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध डीएवी पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्र की टीम ने महाकुंभ के अर्थशास्त्र का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि महाकुंभ दुनिया के लिए एक नए अर्थशास्त्र के रूप में उभरा है। महाकुंभ में आई श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण होटल इंडस्ट्री, परिवहन और खाद्य उद्योग को सबसे अधिक लाभ पहुंचाया है। महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण इंजन साबित हो सकता है। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा और वित्तीय घाटा कम होगा। बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा और जीएसडीपी की वृद्धि में तेजी आएगी। श्रद्धालुओं की संख्या और आर्थिक योगदान और भी बढ़ने की संभावना है। सरकार ने जो घाटे का बजट पेश किया है महाकुंभ की आय से उसकी भरपाई हो जाएगी। महाकुंभ से होने वाली आय बजट का बूस्टर साबित होगी। इस आमदनी से सरकार घाटे के बजट के साथ ही स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा पर होने वाले खर्च को मेंटेन कर सकती है। यूपी सरकार का बुनियादी ढांचे पर 7500 करोड़ का निवेश : महाकुंभ को सफल बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में सड़क, फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण एवं सुधार पर 7500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस राशि में से 1500 करोड़ रुपये विशेष रूप से महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किए गए थे। इससे न केवल प्रयागराज में, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है।



बढ़े रोजगार के अवसर, हस्तशिल्प कारीगरों को मिला आर्थिक लाभ

प्रो. अनूप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रोजगार लचीलापन (एंप्लायमेंट इलास्टिसिटी) के आधार पर, हर एक रुपये खर्च पर 0.00002 नए रोजगार उत्पन्न होते हैं। इस आधार पर 60 लाख नौकरियां महाकुंभ में उत्पन्न हुईं। महाकुंभ के कारण अब तक लगभग 60 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलीं। आतिथ्य और पर्यटन उद्योग में होटल, धर्मशालाओं और गेस्ट हाउसों में अतिरिक्त स्टाफ की मांग बढ़ गई। इससे सफाईकर्मियों, कुक, प्रबंधकों और टूर गाइडों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए। परिवहन क्षेत्र में रेलवे, बस और टैक्सी सेवाओं की मांग के कारण ड्राइवर, कंडक्टर, टिकट बुकिंग एजेंट और वाहन रखरखाव कर्मचारियों की भर्ती में वृद्धि हुई। साथ ही, पेट्रोल पंपों और वाहन मरम्मत सेवाओं से जुड़े व्यवसायों को भी बढ़ावा मिला। खाद्य एवं पेय पदार्थ उद्योग में स्थानीय रेस्तरां, फूड स्टॉल और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लाखों अस्थायी नौकरियों का लाभ मिला। कारीगरों और आपूर्ति शृंखला में भी वृद्धि हुई। खुदरा और धार्मिक वस्तुएं बेचने वाले छोटे दुकानदारों और हस्तशिल्प कारीगरों को भी महाकुंभ से बड़ा आर्थिक लाभ मिला। स्मृति चिन्ह, पूजा सामग्री और धार्मिक वस्तुएं बेचने वाले व्यापारियों की आय में वृद्धि हुई, जिससे यह आयोजन स्थानीय और असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए आर्थिक अवसरों का प्रमुख स्रोत बन गया।

सड़क मार्ग से निजी वाहन से आए 20 करोड़ श्रद्धालु

सड़क मार्ग से निजी वाहन से 20 करोड़ श्रद्धालुओं ने यात्रा की। इसमें प्रति व्यक्ति औसत यात्रा खर्च दो हजार है और कुल यात्रा खर्च 40 हजार करोड़ होगा। यदि प्रति वाहन औसत चार लोग यात्रा करते हैं, तो कुल वाहन संख्या पांच करोड़ रही। यदि प्रत्येक वाहन औसत दो सौ रुपये टोल टैक्स देता है, तो कुल टोल संग्रह एक हजार करोड़। यह दर्शाता है कि सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं से यातायात, ईंधन, और टोल टैक्स के रूप में सरकार को राजस्व प्राप्त हो रहा है।

राज्य की आर्थिक वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

प्रो. मिश्र ने बताया कि महाकुंभ से प्रदेश सरकार को सीधे 54 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा जो राज्य के कुल बजट राशि का 7.04 प्रतिशत है। प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 24.98 लाख करोड़ अनुमानित है।

संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

घर में आग लगने से बुजुर्ग महिला की मौत

गुरुग्राम । हरियाणा के गुरुग्राम के एक घर में हीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की झुलसने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारीदी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घर में इतनी भीषण आग लगी थी कि महिला बच नहीं सकी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अंजलि बख्शी एमजी रोड के पास सरस्वती विहार के विवेकानंद ब्लॉक स्थित मकान नंबर 490 की पहली मंजिल पर रहती थीं। उनका बेटा और परिवार के अन्य सदस्य भूतल पर रहते थे। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बुधवार रात करीब 11.30 बजे हुई। परिवार के सदस्यों को तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उन्होंने देखा कि घर में धुआं भर रहा है। पुलिस ने बताया कि जब परिवार के सदस्य घर से बाहर निकले, तो उन्होंने देखा कि पहली मंजिल पर आग की लपटें उठ रही हैं। उन्होंने पहली मंजिल पर मौजूद उक्त महिला तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन धुएं और आग के कारण वे नहीं जा पाए। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया की सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ी को लगाया गया।

ट्रूडो के मंत्री डेविड बोले– फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई

सात लैटिन अमेरिकी संगठन आतंकी इकाई घोषित

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के बाद अब कनाडा ने भी 7 लैटिन अमेरिकी आपराधिक समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत की गई है। नागरिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने कहा कि अब कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियां फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ मजबूती से कार्रवाई कर सकेंगी। आतंकवादी संगठनों की सूची में मैक्सिको के सिनालोआ कार्टेल, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल और ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना को शामिल किया गया है। आतंकवादी समूहों के रूप में नामित अन्य संगठन मैक्सिको से कार्टेल डेल गोल्फो, कार्टेल्स यूनिडोस, वेनेजुएला में ट्रेन डी अरागुआ, मारा साल्वाट्रुचा और एमएस-13 शामिल हैं। एमएस-13 कैलिफोर्निया में शुरू हुआ,

लेकिन वह अल-साल्वाडोर में एक प्रमुख आपराधिक ताकत के रूप में उभरा। नागरिक सुरक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने बताया कि ये उपाय कनाडा की सड़कों से फेंटेनाइल को दूर रखने और अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने में मदद करेंगे। मैकगिन्टी ने कहा कि बैंक और ब्रोकरेज इन संस्थाओं की संपत्ति को फ्रीज कर देंगे, जिन्हें प्रतिबंधित या जब्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी सूचीबद्ध आतंकवादी समूह की किसी भी गतिविधि में जानबूझकर भाग लेना या उसमें योगदान देना भी एक अपराध है। मैकगिन्टी ने बताया कि सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया खुफिया रिपोर्टों के बाद की गई, जिसमें यह देखा गया कि किसी संगठन ने जानबूझकर आतंकवादी गतिविधि को अंजाम दिया है या अंजाम देने का प्रयास किया है। इसके अलावा, यह भी देखा गया कि क्या किसी संगठन ने आतंकवादी गतिविधि में भाग लिया है या उसे बढ़ावा दिया है। मैकगिन्टी ने कहा कि किसी समूह को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए एक कठोर प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है, जिसे 'कानूनी सीमा को पूरा करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लगता है कि सीमा पार हो गई है, तो मंत्री संघीय कैबिनेट को यह सिफारिश कर सकते हैं कि संगठन को सूची में जोड़ा जाए।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले से हिजबुल का पूर्व सदस्य गिरफ्तार

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आंतकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक पूर्व सदस्य को 18 साल की लंबी तलाश के बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मूल रूप से गुज्जर-कोठियां तलवारा का निवासी अनवरी अली चौहान उर्फ जमशीर 2001 मेंहिजबुल मुजाहिदीन में शामिल हुआ था। 2007 में उसने कश्मीर घाटी में आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद चौहान भूमिगत हो गया और रियासी पुलिस थाने में दर्ज आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपना स्थान बदलता रहा।

पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने में जुटा है

आज भारत और पाकिस्तान करेंगे फ्लैग मीटिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमलों के बीच भारत और पाकिस्तान शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक फ्लैग मीटिंग शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास होगी। पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने में जुटा है। पाक आतंकियों ने सीमा पार करने की कोशिश की। इस बीच भारतीय सेना ने भी मुंह तोड़ जवाब दिया है। सीमा पर भारी गोलाबारी के बीच यह बैठक होने जा रही है। 11 फरवरी को जम्मू के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) हमला किया था। इसमें एक कैप्टन समेत दो जवानों ने बलिदान दिया था। राजौरी और पुंछ जिलों में भी नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी की घटनाएं दर्ज की हैं। यहां अलग-अलग घटनाओं में दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे जबकि पिछले सप्ताह बारूदी सुरंग में हुए धमाके में एक अन्य सैन्यकर्मी घायल हुआ था। सीमा पार से किसी भी नापाक हरकत का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने में जुटी है। सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी पक्ष को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत और पाकिस्तान के बीच 25 फरवरी 2021 से सीमा पर संघर्ष विराम लागू है।

दिल्ली में खेल खत्म पंजाब में शुरू

केजरीवाल दिल्ली में गलतफहमी में थे, वैसे ही पंजाब को लेकर गलतफहमी में हैं।

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से

दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई। राजग पहले से ज्यादा मजबूत हो गया। चंद्रबाबू नायडू ने नए युग की शुरुआत कहा है। 21 राज्यों में राजग की सरकार हो गई है। अप्रैल में दिल्ली का मेयर भी भाजपा का बन जाएगा, जिस दिल्ली के बारे में अरविंद केजरीवाल छाती ठोंक कर कहते थे कि इस जन्म में तो भाजपा उन्हें नहीं हरा सकती, उसी दिल्ली में भाजपा की देश में पहली ट्रिपल ईंजन की सरकार होगी। यह कोई अफवाह नहीं है कि अरविंद केजरीवाल ललचाई नजर से पंजाब की तरफ से देख रहे हैं। जैसे वह दिल्ली में गलतफहमी में थे, वैसे ही पंजाब को लेकर गलतफहमी में हैं। भगवंत सिंह मान को अस्थिर करने के इरादे से उन्होंने विभव कुमार और विजय नायर को पहले ही पंजाब भेज दिया था, जिन्होंने चुनाव के दौरान खूब उगाही करके दिल्ली में पैसा भेजा। उन दोनों की महत्वपूर्ण पदों पर मौजूदगी पंजाब में चर्चा का विषय बनी हुई है। दोनों का पंजाब से कोई संबंध नहीं है, लेकिन सरकार की सभी फाललें उन दोनों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचती हैं, जिसे ब्यूरोक्रेसी भी पसंद नहीं कर रही। अब राघव चड्डा और मनीष सिसोदिया को राजनीतिक ऑपरेशन पर लगाया गया है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि राघव चड्डा से इस्तीफा करवा कर केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा में आना चाहते हैं। राघव चड्डा को लुधियाना से चुनाव लदवा कर भगवंत मान का उप मुख्यमंत्री बनवाना चाहते हैं।

राघव चड्डा तो चलो पंजाब के प्रभारी हैं, लेकिन मनीष सिसोदिया किस हैसियत से पंजाब भेजे गए। दिल्ली में चुनाव हारने के बाद केजरीवाल ने सिसोदिया को पंजाब भेजा, जिससे वहां राजनीतिक भूचाल खड़ा हो गया है। मनीष सिसोदिया को केजरीवाल शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मसीहे के तौर पर प्रचारित करते रहे हैं। इसी बहाने उन्हें पंजाब भेजा गया, जहां उन्होंने कुछ स्कूलों का निरीक्षण किया। जिसका अध्यापकों और टीचर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है। वैसे तो किसी राज्य के शिक्षा मंत्री को भी दूसरे राज्य के स्कूलों में निरीक्षण का अधिकार नहीं है। लेकिन, मनीष सिसोदिया तो दूसरे राज्य के शिक्षा मंत्री भी नहीं हैं। वह किसी राज्य में किसी सरकारी पद पर नहीं हैं, वह कहीं चुने हुए विधायक भी नहीं है। इसलिए टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूलों में उनके निरीक्षण पर सवाल उठाया है। बच्चों के अभिभावकों में भी चर्चा है कि शराब घोटाले में जेल जाने वाले मनीष सिसोदिया को पंजाब के स्कूलों में दौरा करवा कर भगवंत मान बच्चों को क्या संदेश देना चाहते हैं। यहां तक कि आम आदमी पार्टी के विधायकों ने भी केजरीवाल के सामने यह सवाल उठाया है, इसे बगावत की शुरुआत माना जाना चाहिए। केजरीवाल ने पंजाब में दखल बंद नहीं किया, तो तय मानी कि पंजाब मध्यावधि चुनाव की तरफ आगे बढ़ रहा है। दिल्ली से आम आदमी पार्टी के खात्मे की जो शुरुआत हुई है, वह पंजाब की तरफ बढ़ रही है। दिल्ली में उनकी हार का सबसे बड़ा कारण केंद्र सरकार से टकराव की राजनीति और जनता से झूठे वायदे रहा। कोई एक वायदा भी उन्होंने नहीं निभा पाया। चुनावों से पहले भी वह हवा में उड़ रहे थे, न वह जनता का मूड भांप पाए, न जनता के मुद्दे, वरना वह यह नहीं कहते कि यमुना की सफाई से वोट नहीं मिलते। जबकि, भाजपा ने यमुना की सफाई को ही मुद्दा बनाया। सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट से पहले मंत्रिमंडल ने यमुना की आरती कर दिल्ली की जनता का दिल जीत लिया। देश में कोई नेता इतना एक्सपोज नहीं हुआ, जितना अरविंद केजरीवाल हुए है। यह जानते हुए भी कि उनके पहले के बयानों के वीडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, उन्होंने हर कदम पर झूठ बोला। पहले के बयानों और बाद के बयानों वाले ऐसे कम से कम 100 वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे हैं। इसके बावजूद इस चुनाव में भी वह जमकर झूठ बोलते रहे। यमुना की सफाई की बात वह 2015 से कर रहे थे, लेकिन एक टीवी चैनल पर मुकर गए कि उन्होंने 2015 में यमुना की सफाई का वादा किया था। बल्कि एनजीटी ने जब यमुना की सफाई के लिए उपराज्यपाल की अध्यक्षता में कमेटी बना दी, तो वह सुप्रीमकोर्ट चले गए कि उपराज्यपाल को अध्यक्ष क्यों बनाया गया। उन्हें घमंड हो गया था कि वह दिल्ली के मालिक हैं। केजरीवाल का काम में विश्वास होता, तो वह इस तरह की ओछी लड़ाई नहीं करते। वह बदलाव की राजनीति करने आए थे, और अहम की लड़ाई करने लगे।

बदलाव की राजनीति करने आए केजरीवाल का सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक बनाने में ठहर गया था। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के दो एजेंडे पकड़ लिए और दुनिया भर में अपना चेहरा चमकाने में लग गए। शिक्षा स्वास्थ्य के एजेंडों में भी लक्ष्य काली कमाई ही रहा, पांच लाख में बनने वाला स्कूल का कमरा 20 लाख में बना, 15 लाख आम आदमी पार्टी की जेब में गया। मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर पार्टी के वर्करों की कमाई का साधन बना दिया गया। फर्जी ब्लड टेस्टों और नकली दवाईयों से करोड़ों रुपए की कमाई की गई। केजरीवाल समझते थे कि दिल्ली की जनता को वह सारी उम्र मूर्ख बनाते रहेंगे। लेकिन, तीसरे ही चुनाव में केजरीवाल सिर्फ दो वर्गों को ही मूर्ख बना पाए। वह छह मुस्लिम बहुल सीटें जीते हैं और आठ अनुसूचित जाति की आरक्षित सीटें जीते हैं। मुस्लिम और आरक्षित सीटें निकाल दें तो आम आदमी पार्टी सिर्फ आठ सीटें जीती है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा के लिए चिंता की बात है कि दलित वोटर अभी उसकी तरफ उस अनुपात में उसके साथ वापस नहीं लौट रहा, जैसे 2019 में आया था।

सत्यं ब्रह्म तपः सत्यं सत्यं विसृजते प्रजाः।
सत्येन धार्यते लोकः स्वर्गे सत्येन गच्छति।।

अर्थात सत्य ही ब्रह्म है, सत्य ही तप है, सत्य ही प्रजा की सृष्टि करता है, सत्य के ही आधार पर संसार टिका है और सत्य के ही प्रभाव से मनुष्य स्वर्ग जाता है।

शांतिपर्व 190/1

(परब्रह्म की प्राप्ति सम्बन्धी भरद्वाज-भृगु संवाद में भृगु का कथन)

संपादकीय

दिल्ली की मुख्यमंत्री और भाजपा का संदेश

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस मुद्दे पर भाजपा के भीतर और बाहर, सब जगह बहुत चर्चा हुई। राजनीतिक विश्लेषक अपने-अपने गुणा-भाग लगाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए विभिन्न उम्मीदवारों को लेकर चर्चा करते रह गए। इधर, भाजपा ने सबको चौंकाते हुए दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी है। भाजपा ने रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगाकर सामाजिक और राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया है। एक, भाजपा ने साबित कर दिया कि नेतृत्व में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना, उसके लिए केवल भाषण का विषय नहीं है। दूसरा, भाजपा अपने सामान्य कार्यकर्ताओं की योग्यता पर भी ध्यान देती है। तीसरा, भाजपा में सबको आगे बढ़ने का अवसर है। दिल्ली की राजनीति के बड़े चेहरों ने भी पार्टी के निर्णय का

सम्मान करते हुए अच्छा संदेश दिया है। भाजपा जिस अनुशासन के लिए जानी जाती है, उसका दृश्य दिल्ली में दिखायी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सहित प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों ने शपथ ली है। दिल्ली में भाजपा के सामने बड़ी चुनौतियां और अपेक्षाएं हैं। दिल्ली का जो जनादेश आया था, उसने ही इस बात के संकेत कर दिए थे कि दिल्ली के लोगों को आम आदमी पार्टी की अपेक्षा भाजपा से अधिक अपेक्षाएं हैं। उन्हें उम्मीद है कि भाजपा विकास के साथ विश्वास का वातावरण बनाने का कार्य करेगी। दिल्ली-एनसीआर के इतिहास में संभवतः यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों-गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली-दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं। अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर के लोगों के दूरगामी हितों को ध्यान में रखकर कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। बहरहाल, दिल्ली में यमुना को प्रदूषण से मुक्ति दिलाना, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति, यातायात, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी चुनौतियां तो मुंहबाएं खड़ी ही हैं। इसके अतिरिक्त रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों की अवैध घुसपैठ भी एक बड़ी चुनौती है, जिसको लेकर भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान काफी बातचीत की है। अब भाजपा सरकार की जिम्मेदारी है कि वह दिल्ली को अवैध घुसपैठियों से मुक्ति दिलाए। रोहिंग्याओं एवं अन्य अवैध घुसपैठियों के कारण दिल्ली में अपराध की दर भी बढ़ी हुई। उम्मीद की जा सकती है कि दिल्ली के निवासियों को अब एक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण जीवन मिलेगा।

सामयिक

मदार के पौधे से वस्त्र बनाने का विकल्प खुला

मदार के रेशे में ऊन से अधिक गर्माहट माइनस 50 ड़िग्री सेल्सियस से कम तापमान में भी गर्माहट देने में कारगर। खेत–खलिहान में अपने आप उगने वाले मदार (मिल्कवीड़) का पौधा अब जंगली नहीं रहा। मदार के पौधे में लगने वाले फल से कपड़ा तैयार करने की तकनीक तैयार हो चुकी है। कपास के रेशे (फाइबर) से बनने वाले कपड़े.की तरह मदार के रेशे से बड़े.पैमाने में कपड़ा बनाया जाएगा। मदार के रेशे में ऊन से अधिक गर्माहट होती है और इससे तैयार कपड़ा माइनस 50 ड़िग्री सेल्सियस से कम तापमान पर गर्माहट देने में कारगर साबित होगा। मदार के औद्योगिक उपयोग के कारण कृषि को बढ़ावा मिलने के साथ साथ किसानों की आय भी बढ़ेगी। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को यहां 'राष्ट्रीय सहारा' से विशेष बातचीत में कहा कि भारत में फाइबर की नई किस्में वस्त्र उद्योग में नई क्रांति लाएगी। केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने बताया कि गाजियाबाद में प्रायोगिक तौर पर दो एकड़.में मदार के पौधे लगाए गए हैं। एक एकड़.में हुई पैदावार से चार हजार किलोग्राम रेशा (फाइबर) निकला है। इसका उपयोग वस्त्र बनाने में किया जाएगा। मदार के पल्प से कागज भी बनाया जा सकेगा। मदार के रेशे में करीब 20 प्रतिशत ऊन मिलाकर कोट बनाया गया है। इस कोट को जर्मनी में –50 ड़िग्री सेल्सियस तापमान में पहनने पर भी सर्दी नहीं लगी। मदार के फाइबर से बनी रजाई से लद्दाख में सर्दी का अनुभव नहीं हुआ। मदार के रेशे से तैयार कपड़े.में जबरदस्त गर्माहट पाई गई। २८ माइक्रोन ऊन में 120० थर्मल (गर्माहट) पाई गई। लेकिन मदार के रेशे में 20 प्रतिशत ऊन मिलाने के बाद बने वस्त्र से 130थर्मल (गर्माहट) दर्ज की गई। इसका फाइबर ऊन से भी हल्का है। नए फाइबर के लिए मदार महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत कपास के अति धनत्व पौधरोपण (हाई डेनसिटी प्लांटेशन) की ओर बढ़ रहा है।

इतिहास में आज

साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' ने शोषित वर्ग पर अन्याय के खिलाफ उठाई थी आवाज़

हिंदी के प्रसिद्ध छायावादी साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की आज 127वीं जयंती है। निराला को जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा आदि के साथ हिंदी साहित्य के छायावाद के प्रमुख स्तंभों में गिना जाता हैं। सूर्यकांत त्रिपाठी एक कवि, उपन्यासकार, निबंधकार और कहानीकार थे, परंतु उन्हें कवि के रूप में ज्यादा ख्याति प्राप्त हुईं। साहित्यकार सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का जन्म 21 फरवरी, 1896 को बंगाल के मिदनीपुर जिले के महिषादल नामक रियासत में हुआ था। उनका परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के गढ़ा कोला गांव के निवासी थे। उनके पिता पंडित रामसहाय तिवारी सिपाही के तौर पर महिषादल में तैनात थे। निराला ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई बांग्ला में की थी। बाद में उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत जैसी भाषाओं का अध्ययन घर पर किया। सूर्यकान्त त्रिपाठी को बचपन से ही रामचरितमानस बहुत प्रिय थी। वह रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर से काफी प्रभावित हुए थे। निराला स्वच्छंद प्रकृति के थे और उनकी स्कूल में पढ़ने में रुचि कम थी। वह घूमने, खेलने में अधिक व्यस्त रहते थे। उनका विवाह 15 वर्ष की आयु में मनोहर देवी से हुआ।

सुनहरे शब्द

साहस

कार्य करने के लिए हमें दूसरों के सहयोग और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है किंतु किसी भी कार्य के लिए किसी एक व्यक्ति पर सदैव निर्भर नहीं रहा जा सकता। हम जीवन में निरंतर बढ़ते रहें, कार्य करते रहें, किसी पर निर्भर होकर बंधे नहीं, रुके नहीं, इतना साहस और आत्मशक्ति होना ही चाहिए। किसी व्यक्ति विशेष से आसक्ति, हमारे मन में दुर्बलता, निर्भरता को जन्म देती है जो हमें शनै शनै कमजोर करती चली जाती है और अंततः हमें पतन की ओर ले जाती है।

●संजय अग्रवाल
ज्वाइंट कमिश्नर
आयकर विभाग

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

भारत में मातृभाषा-संरक्षण की नीति

शाहीन सबा

भारत बहुभाषिक राष्ट्र है, जहां विभिन्न राज्यों और समुदायों में कई भाषाएं बोली जाती हैं। भारत में सैकड़ों भाषाएं और हजारों बोलियां रही हैं। यह भाषाई विविधता ही हमारी सनातन सभ्यता को विशिष्ट बनाती है। सदियों पुरानी इस भाषाई विविधता के बावजूद, हमारा परस्पर संपर्क और संवाद मजबूत और सौहार्दपूर्ण रहा है। इस अवधि में हमारी भाषाओं में भी परस्पर संवाद होता रहा, शब्दों और मुहावरों का आदान प्रदान होता रहा। इससे हर भाषा समृद्ध बनी। हमारी सभी मातृ भाषाओं को ₹स्थानीय भाषा₹ न कह कर, उन्हें ₹भारतीय भाषा₹ कहा जाय। हमारी सभी मातृ भाषाएं बराबर हैं और उनमें से हरेक की अपनी मधुरता और विशेषता है। ये भाषाएं ही भारत की 'विभिन्नता में एकता' को अभिव्यक्त करती हैं।

भाषा का जन्म लोगों के बीच संवाद हेतु होता है। उसकी सार्थकता इसी मैं है कि वह इस संवाद को सरल बनाए। भाषा हमारे संस्कारों को भी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पंहुचाती है। इस प्रकार भाषा हमारे अतीत और वर्तमान के बीच का सूत्र है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर, हमारी मान्यताएं, मर्यादाएं भाषा में ही संरक्षित रहते हैं। हमारे साहित्य और संस्कृति का अस्तित्व, भाषा के बिना संभव ही नहीं है। इस प्रकार हमारी भाषाएं सदियों के हमारे सभ्यतागत अनुभव का खजाना होती हैं।

मातृभाषा समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट रखने में सहायक होती है। स्थानीय भाषा में संवाद से आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा मिलता है। शोधों से पता चला है कि जो बच्चे अपनी मातृभाषा में शिक्षित होते हैं, वे बेहतर संज्ञानात्मक विकास करते हैं और उनमें तार्किक व रचनात्मक सोच की क्षमता अधिक होती है। स्थानीय भाषाओं में व्यापार और प्रशासन को बढ़ावा देने से आर्थिक प्रगति संभव है। क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी और व्यावसायिक विकास से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। ऋग्वेद में कहा गया है ₹आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः₹ अर्थात हर दिशा से अच्छे और उदार विचार हमारे पास आएं। यह श्लोक, हमारे सभ्यतागत संस्कारों में खुलेपन और स्वीकार करने की असीम क्षमता को दर्शाता है। हम अपने पूर्वजों के इन्हीं संस्कारों का अनुकरण करें। सभी संस्कृतियों का आदर करें, उनकी भाषाओं को सीखें, उनके इतिहास, उनकी परंपराओं को जानें। हम अपनी परंपराओं का पालन करते हुए भी, अन्य संस्कृतियों को खुले मन से स्वीकार करें।

भारत बहुभाषिक राष्ट्र है, जहां विभिन्न राज्यों और समुदायों में कई भाषाएं बोली जाती हैं। भारत में सैकड़ों भाषाएं और हजारों बोलियां रही हैं। यह भाषाई विविधता ही हमारी सनातन सभ्यता को विशिष्ट बनाती है।

भारत में भाषाई विविधता और मातृभाषाओं की स्थिति : भारत में भाषाई विविधता अद्वितीय है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 प्रमुख भाषाएं और 1950 से अधिक मातृभाषाएं बोली जाती हैं। 22 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त है।कई भाषाएं, विशेष रूप से आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों की भाषाएं, लुप्त होने के कगार पर हैं। युनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 197 भाषाएं विलुप्ति के खतरे में हैं। इसका मुख्य कारण शिक्षा, प्रशासन और व्यवसाय में मातृभाषाओं की उपेक्षा है।

संविधान और मातृभाषा-संरक्षण संविधान में : भाषाई विविधता को संरक्षित रखने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं, और भारत सरकार ने मातृभाषाओं के संरक्षण हेतु कई नीतियां बनाई हैं। लेकिन आज भी कई मातृभाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं, जिससे भारत की भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर को खतरा पैदा हो गया है। एक लोकतंत्र के रूप में यह जरूरी है कि शासन में आम नागरिकों की भागीदारी हो। वह तभी होगा जब शासन की भाषा उनकी अपनी मातृभाषा होगी। न्यायपालिका की भाषा अभी भी अंग्रेजी है। न्यायालयों को चाहिए कि वे अपनी कार्यवाही भारतीय भाषाओं में करें। जिससे लोग न्यायपालिका को अपना पक्ष अपनी भाषा में समझा सकें, उसके निर्णयों को पूरी तरह समझ सकें। कुछ संस्थान इस दिशा में सार्थक प्रयास कर भी रहे हैं। हमें जापान, फ्रांस, जर्मनी चीन जैसे विकसित देशों से सीखना चाहिए जहां उच्च और तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रम उनकी मातृ भाषा में ही उपलब्ध होते है। फिर भी वहां का अध्ययन, अनुसंधान और शोध, अंग्रेजी बोलने वाले देशों के समान ही विश्व स्तरीय रहा है। इन देशों ने किस प्रणाली से अपनी मातृ भाषाओं को संरक्षित रखा, उसे बढ़ाया, हमें उनसे यह सीखना चाहिए और अपने लिए रणनीति तैयार करनी चाहिए। भारतीय संविधान में भाषाई विविधता को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और मातृभाषा-संरक्षण : केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए सार्थक प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में, कम से कम कक्षा 5 तक, बच्चों को मातृ भाषा में ही शिक्षा देने का प्रावधान है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा को प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाने पर बल देती है। इस नीति के अंतर्गतःकक्षा 5 तक (और यदि संभव हो तो कक्षा 8 तक) मातृभाषा में शिक्षा देने की सिफारिश की गई है। क्षेत्रीय भाषाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।भारतीय भाषाओं के संरक्षण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और तकनीकी नवाचारों को अपनाने पर बल दिया गया है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य ही पूरी शिक्षा प्रणाली का 'भारतीयकरण' करना है। शिक्षा को समावेशी बनाना है। शिक्षा नीति में, जीवन मूल्यों और नैतिक शिक्षा दिए जाने पर बल दिया गया है। सभी राज्य इस शिक्षा नीति को अक्षरशः पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करें।

मातृभाषा-संरक्षण की प्रमुख नीतियां और योजनाएं : मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य करने की योजना। सरकारी दस्तावेज़ों और न्यायालयों में क्षेत्रीय भाषाओं का अधिक उपयोग। स्थानीय भाषाओं में प्रशासनिक कार्यों को बढ़ावा देना। मैसूर स्थित यह संस्थान भाषाओं के अध्ययन, शोध और संरक्षण के लिए कार्य करता है।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य कंपनियों द्वारा भारतीय भाषाओं के अनुवाद और शब्दकोश विकसित किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफार्मों पर क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।भारतीय भाषाओं में साहित्य के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार और अनुदान दिए जाते हैं।क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशनों को प्रोत्साहित करने की योजना चलाई जा रही है। युनेस्को ने भारत की कई भाषाओं को अति-संवेदनशील (Critically Endangered) श्रेणी में रखा है। इसके तहत सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को विशेष प्रयास करने की सलाह दी गई है। विश्व की असंख्य भाषाओं में, हमारी अपनी मातृभाषा का हमारे हृदय में विशेष स्थान होता है। मातृ भाषा में बोला गया हर शब्द आपकी भावनाओं को दूसरों तक पहुँचा देता है। हम अपनी मातृ भाषाओं को सुरक्षित रखें, उनका प्रयोग करते हुए गर्व करें, तभी हमारी मातृ भाषा और विकसित होगी।

भाषा-संरक्षण की चुनौतियां : मातृभाषा के संरक्षण के लिए एक जन अभियान जरूरी है। यह सिर्फ सरकार का ही दायित्व नहीं है। इसमें परिवार, शिक्षक, मीडिया तथा भाषाविद सभी का योगदान चाहिए। साथ ही युवाओं में मातृ भाषाओं का प्रचलन बढ़ाने के लिए जरूरी है कि भाषाएं भी बदलते समय की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप बदलें। युवाओं को सरल रोचक तरीकों से भाषा ज्ञान दिया जाना चाहिए। इस प्रकार के खेल विकसित किए जाने चाहिए। जरूरी है कि वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली का भी आसान भारतीय भाषाओं अनुवाद किया जाय। इससे युवाओं में आधुनिक विषयों के लिए रुचि बढ़ेगी और उनके लिए भी विषय सरल और सुगम्य बनेगा।

सूचना प्रसारण मंत्रालय ने की नई एडवाइजरी जारी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ध्यान दें- नियम तोड़े तो खानी पड़ सकती है जेल की रोटी !

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ग्रुप बनाने का प्रचलन बड़ा - चार कानूनों के अंतर्गत सख़्ती से कार्रवाई जरूरी

सीक्रेट कैमरे से श्रद्धालु महिलाओं की निजता का हनन- इलाहाबादिया, व्हाट्सएप, फेसबुक पर अभद्र कंटेंट की संभावना का संज्ञान लेकर सख़्त कार्रवाई जरूरी- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया की अति तीव्र गति से प्रगति हुई है। एक ओर जहां हमें अनेक लाभ मिल रहे हैं, तो उनके साइड इफेक्ट्स भी हमें देखने को मिल रहे हैं। हम व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम ओटीटी इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हमें कई अश्लील फोटो व कंटेंट पोस्ट करने व देखने को प्रचलन बढ़ सा गया है। व्हाट्सएप ग्रुप में अगर कोई जानकारी पढ़ा लिखा, कानूनविद वकील सीए या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया से जुड़ा व्यक्ति है तो ग्रुप एडमिन उसे रिमूव भी कर देता है, जिसका जीता जाता उदाहरण मैं हूं, मुझे एक व्हाट्सएप ग्रुप जिसमें अभद्रता कंटेंट्स का चलन अधिक था उसमें से मुझे रिमूव किया गया क्योंकि उनकी पोलपट्टी का मैं साक्षात गवाह बन रहा था। किसी केकेटी नामक खैराती एडमिन ने मुझे रिमूव किया है जो मीडिया जगत के लिए अपमान वाली बात है, जिसे रेखांकित करना जरूरी। हालांकि इन अश्लील कंटेंट्स को नियंत्रित करनेके लिए एमआईबी द्वारा अनेकों बार समय समय पर अनेकों दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 20 फरवरी 2025 को केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने एक नई एडवाइजरी जारी की है जिसका पालन नहीं करने पर या नियमों का उल्लंघन कर नियम तोड़ने वाले को जेल की हवा खानी पड़ सकती है, चूँकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का प्रचलन बड़ा है, अतः चार कानूनों के अंतर्गत सख़्ती से कार्यवाही जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सीक्रेट कैमरों से श्रद्धालु महिलाओं की निजता हनन, इलाहाबादिया, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम पर अभद्र कंटेंट का संभाव्य संज्ञान को लेकर लेकर सख्त कार्रवाई जरूरी।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी नई गाइडलाइंस की करें तो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ओटीटी जिसमें अवैध और प्रतिबंधित कंटेंट से बचने, उम्र-आधारित वर्गीकरण लागू करने और वयस्क सामग्री के लिए एक्सेस कंट्रोल मैकेनिज्म को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।यह एडवाइजरी ऐसे समय में आईहै जब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर विवाद बढ़ रहे हैं, हाल ही में यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया की एक डिजिटल शो में की गई भद्दी टिप्पणी को लेकर भी काफी हंगामा हुआ था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को भारतीय कानूनों और आईटी नियम, 2021 (इंटरमीडिअरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) के तहत बनाए गए ह्यकोड ऑफ एथिक्सह्व का सख्ती से पालन करना होगा। यदि कोई प्लेटफॉर्म इन नियमों का उल्लंघन करता है तो इन कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी, यहां तक कि जेल की रोटी भी तोड़नी पड़ सकती हैं (1) महिला अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2) बाल यौन शोषण से सुरक्षा (पॉकसो) अधिनियम (3) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थों के प्रचार पर रोक (4) ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नशीले पदार्थों और साइकोट्रॉपिक ड्रग्स के उपयोग को बढ़ावा देने या उसे ग्लैमराइज करने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए मुख्य डिजाइन दिशा निर्देश, (1) ड्रग्स के चित्रण पर उच्च श्रेणीकरणः यदि किसी कंटेंट में नशीले पदार्थों या खतरनाक व्यवहार को दिखाया गया है, जिससे अपराध या आत्म-हानि को बढ़ावा मिल सकता है, तो उसे सख्त आयु वर्गीकरण में रखा जाएगा। (2) ड्रग्स के उपयोग को ह्यग्लैमरसह्व न दिखाएंः किसी भी फिल्म, वेब सीरीज या शो में नशीले पदार्थों के सेवनको फैशन या सामाजिक रूप से स्वीकार्य व्यवहार के रूप में प्रस्तुत करने से बचना होगा।(3) एनडीपीएस अधिनियम का पालनःओटीटीप्लेटफॉर्म्स को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम,1985 का पालन करना होगा, जिसमें गांजा, पोस्ता और कोकीन जैसे पदार्थों के उपयोग और प्रचार पर सख्त कानूनी प्रतिबंध हैं। यदि किसी शो में इन्हें ग्लैमराइज किया गया, तो इसे अपराध में सहयोग माना जा सकता है और कानूनी कार्रवाई हो सकती हैहाल ही में संसदीय स्थायी समिति ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से डिजिटल मीडिया से जुड़े कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव मांगा था, ताकि नई तकनीकों और मीडियाप्लेटफॉर्म्स के विस्तार को ध्यान में रखते हुए सख्त नियम बनाए जा सके। मंत्रालय की इस एडवाइजरी से यह साफ हो गया है कि अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दिखाई जाने वाली सामग्री पर सरकार की पैनी नजर रहेगी।

साथियों बात अगर हम श्रद्धालु महिलाओं द्वारा डुबकी लगाते समय सीक्रेट कैमरा से उनकी निजता का हनन की करें तो, उप्र पुलिस ने प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान कर रहीं महिला तीर्थ यात्रियों के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में दो सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस के एक बयान के अनुसार, सोशल मीडिया निगरानी टीम ने पाया कि कुछ सोशल मीडिया मंच पर कुंभ मेले में महिलाओं के स्नान और कपड़े बदलने के वीडियो अपलोड कर रहे थे, जो उनकी निजता और गरिमा का स्पष्ट उल्लंघन है, इसके बाद कोतवाली कुंभ मेला थाने में मामले दर्ज किए गए और कानूनी कार्यवाई शुरू की गई।मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और टेलीग्राम चैनल्स पर महिलाओं के नहाने और कपड़े बदलने की अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल के मामले में पुलिस कर रही कार्रवाई। डीआईजी महाकुंभ ने एक मीडिया चैनल से कहा, कुछ सोशल मीडिया प्रोफाइल्स और ग्रुप पर अवैध तरीके के कृत्य किया जा रहे हैं, यह आपराधिक प्रकरण है और सभी लोगों को चिन्हित कर एफआईआर की जा रही है। इस मामले में सीरियस ऑफेंस में आईटी एक्ट और बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है और उसमें गिरफ्तारी भी जाएगी, इसमें बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी, ऐसे जो भी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स आ रहे हैं उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

साथियों बात अगर हम इलाहाबादिया केस की करें तो, स्टैंडअप कॉमेडियन समय के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में इलाहाबादिया बतौर गेस्ट जज शामिल हुए थे, इस कार्यक्रम में उन्होंने एक कंटेस्टेंट से उसके पेरेंट्स की सेक्स लाइफ पर विवादित सवाल पूछ डाला था। इनके भद्दे सवाल का क्लिप देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसे देखने के बाद लोगों का उनपर गुस्सा फूट पड़ा। कई बड़े-बड़े क्रिएटर्स ने उनकी आलोचना की है, उनके पॉडकास्ट के इनवाइट को कुछ सेलेब्स ने कैंसिल भी किया था। समय के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में माता-पिता पर अश्लील टिप्पणी के मामले में इलाहाबादिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इलाहाबादिया ने अलग-अलग राज्यों में खुद पर हुईं एफआईआर रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर मंगलवार (18 फरवरी) को सुनवाई हुई। सुनवाई को दौरान सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबादिया को जमकर फटकार लगाई।जस्टिस की दो सदस्यीय पीठ ने इंडिया गॉट लेटेंट शो करने पर पाबंदी लगाने के साथ रणवीर इलाहाबादिया का पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को आदेश दिया है कि वो बिना उनकी इजाजत लिए देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र और असम में दर्ज एफआईआर को जोड़ने और गिरफ्तारी से संरक्षण दिए जाने की मांग की थी। इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने 10 बड़ी टिप्पणियां कीं थी। गुवाहाटी पुलिस ने सोमवार,10 फरवरी को कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्व मखीजा, रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य लोगों का नाम शामिल था, इन लोगों पर 'इंडियाज गॉट लेटेंट' नाम के शो में अश्लीलता को बढ़ावा देने और यौन रूप से स्पष्ट और अश्लील चर्चा में शामिल होने का आरोप है। दरअसल, गुवाहाटी क्राइम ब्रांच ने साइबर पीएस केस नंबर 03/2025 के तहत बीएनएस 2023 की धारा 79/95/ 294/ 296 के साथ-साथ आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67, सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 की धारा 4/7 और महिलाओं का अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4/6 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में जांच पड़ताल अभी चल रही है।

साथियों बात अगर हम एक व्यक्ति द्वारा अनेकों व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एडमिन बनकर संचालन करने की करें तो, आजकल हर सिटी मोहल्ले में कोई ना कोई एक व्यक्ति व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सम्मानित व दागी व्यक्तियों को उस ग्रुप में ऐड करता है,फिर कुछ सम्मानित पढ़े लिखे व बुद्धिजीवी वर्ग, मीडिया वर्ग को भी ऐड किया जाता है, परंतु मीडिया पर्सन उस ग्रुप की पूरी कार्रवाई पर नजर रहता है, कोई गलत पोस्ट या गलत भाषा होती है तो उसकी खोजी नजर उसपर पड़ती है, तो वह उसपर आपत्ति लेता है,इसी चक्कर में स्वयं मुझे भी केकेटी नाम के खैराती एडमिन होने के नाते से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के प्रभारी यांने मुझको भी रिमूव कर दिया गया था,कि पोलपट्टी पर निगरानी नहीं हो परंतु कानून के लंबे हाथ उस ग्रुप तक भी पहुंचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

रणजी ट्रॉफी 2025 : फाइनल में पहुंचने के लिए मुंबई जीत से 323 रन जरूरत

विदर्भ फाइनल की हार का बदला लेने 7 विकेट दूर

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल 2 के चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक विदर्भ मजबूत स्थिति में है। उसे मुंबई से पिछले फाइनल में हार बदला लेने के लिए 7 विकेट लेने हैं। उसने गुरुवार (20 फरवरी) को मुंबई को दूसरी पारी में 3 विकेट केवल 83 रन पर झटक दिए। मुंबई को पांचवें और अंतिम दिन सेमीफाइनल मैच जीतने के लिए 323 रन की और जरूरत है। मुंबई को 406 रनों का पहाड़ सा लक्ष्य मिला है। यश राठौड़ के 151 रन (252 गेंद, 11 चौके) और कप्तान अक्षय वाडकर (202 गेंद, 5 चौके) की जुझारू 52 रनों की पारी की बदौलत विदर्भ ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 147 रन से की और 292 रन बनाए।

पहली पारी में 113 रनों की बड़ी बढ़त हासिल करने के बाद विदर्भ 406 रनों का बड़ा लक्ष्य रखने में सफल रखा। इसके जवाब में मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। आयुष म्हात्रे (18), सिद्धेश लाड (2) और मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) स्पिन गेंदबाजी के सामने आउट हो गए। इससे विदर्भ ने जामथा के वीसीए स्टेडियम में मेहमान टीम पर शिकंजा कस दिया। वह पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी फाइनल में मिली हार का बदला लेने के करीब है।

सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर से उम्मीद-मुंबई के लिए पहली पारी में 106 रन की पारी खेलने वाले आकाश आनंद ने एक बार फिर टिके हुए हैं। वह 92 गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 27 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दूसरी तरफ शिवम दुबे 12 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मुंबई की उम्मीदें भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, शार्दुल ठाकुर, तनुश कोटियन और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ियों पर टिकी हैं, लेकिन जिस तरह से स्पिनरों ने अंतिम सत्र में तीन विकेट चटकाए, उसे देखते हुए यह काम आसान नहीं होगा।

यश राठौड़ ने ठोके 933 रन

रणजी ट्रॉफी सीजन के अपने पांचवें शतक के साथ राठौड़ ने 9 मैचों में 58.31 के औसत से अपने रनों की संख्या 933 पर पहुंचा दी। इसमें तीन अर्धशतक भी शामिल हैं। गुरुवार को दो और विकेट लेकर बाएं हाथ के गेंदबाज दुबे के इस सीजन में 9 मैचों में छह पांच विकेट हॉल के साथ 63 विकेट हो गए। इससे पहले राठौड़ और वाडकर ने दृढ़ संकल्प के साथ बल्लेबाजी की। मुंबई को पहले सत्र में ज्यादा सफलता नहीं मिली। बाएं हाथ के बल्लेबाज राठौड़ ने 168 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और पांचवें विकेट के लिए वाडकर के साथ 158 रनों की मजबूत साझेदारी की। इस जोड़ी को मुलानी ने 82वें ओवर में वाडकर को 52 रन पर आउट करके तोड़ा।

गुजरात और केरल के बीच फाइनल के लिए कांटे की जंग

अहमदाबाद। *प्रियांक पांचाल (148) की शतकीय, जयमीत पटेल (नाबाद 74) और आर्य देसाई (73) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन गुरुवार को केरल के खिलाफ सात विकेट पर 429 रन बना लिए। हालांकि वह अभी भी केरल के पहली पारी में बनाये गये 457 के स्कोर से 28 रन पीछे है।*

गुजरात ने कल के एक विकेट पर 221 रन के स्कोर से आज आगे खेलना शुरू किया। आज सुबह के सत्र में जलज सक्सेना ने मनन हिंगराजिया (33) को पगबाधा आउटकर केरल को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने प्रियांक पांचाल (148) को आउट कर गुजरात को बड़ा झटका दिया। उर्विल पटेल (25), हेमांग पटेल (27), कप्तान चिंतन गजा (दो) और विशाल जायसवाल (14) रन बनाकर आउट हुये। आज स्टंप के समय गुजरात ने सात विकेट पर 429 रन बना लिये हैं और जयमीत पटेल (नाबाद 74) और सिद्धार्थ देसाई (नाबाद 24) क्रीज पर मौजूद थे।केरल की ओर से जलज सक्सेना ने चार विकेट लिये। एम डी निधीष, एनपी बासिल और आदित्य सरवटे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

भारत का 49 सदस्यीय दल

स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरू होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा।

इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह खेल स्पर्धाओं- अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स के 12वें संस्करण में आठ खेल स्पर्धाएं शामिल हैं और इनमें 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट 621 अपने कोचों की देखरेख में अपना जौहर दिखाएंगे ।

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहती हूं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है, और हम ट्यूरिन में उनके दमदार प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम अपने एथलीटों को एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं और हमें यकीन है कि वे एक बार फिर वैश्विक मंच पर देश को गौरवान्वित करेंगे।

एशियाई स्नूकप चैंपियनशिप

पंकज आडवाणी ने जीता 14वां खिताब

एजेंसी ■ दोहा

भारतीय स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशियाई स्नूकप चैंपियनशिप में 14वां खिताब जीत लिया। आडवाणी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी चमक बिखेरी और स्वर्ण पदक जीता। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैंपियनशिप खिताब जीतना शामिल है। बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे।

यह एक कठिन टूर्नामेंट रहा- आडवानी : जीत के बाद आडवाणी ने कहा, 14वां एशियाई खिताब जीतना बहुत ही विशेष है, खासकर स्नूकर में। यह एक कठिन टूर्नामेंट रहा है और मैं अपने संग्रह में एक और स्वर्ण जोड़कर रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इस लय को आगे भी जारी रखूंगा और भारत को गौरवान्वित करता रहूंगा।

चैंपियन सरखोश ने शुरुआती हासिल की बढ़त

ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैंपियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

भारतीय स्टार शटलर सात्विकसाईराज के पिता का निधन

नई दिल्ली। भारत के स्टार बैडमिंटन युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पिता आर कासी विश्वनाथम का गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सात्विक इस समय 43वें पीएसपीबी अंतर इकाई बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं। उन्हें गुरुवार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार मिलना था। उनके पिता को भी इस समारोह में भाग लेना था लेकिन इससे पहले ही उनका निधन हो गया। उनके पिता सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक थे। परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा, यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि सात्विक के पिता का आज सुबह निधन हो गया।

डीएसए प्रीमियर लीग

हिन्दुस्तान की बड़ी जीत तरुणसंघा को पूरे अंक

एजेंसी ■ नई दिल्ली

डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए।

गुरुवार को यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप,आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए द्य पराजित टीम का इकलौता गोल ज़हाँन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघॉ ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिंह के गोल से परास्त किया आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए। आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत कम बचे हैं। तरुण संघा और नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब के बीच का मुकाबला ऊंचाई नहीं छू पाया। प्लेयर ऑफ द मैच एन ओलेन सिंह के बेहतरीन गोल से तरुण संघॉ ने पूरे अंक अर्जित किए। 41 वें मिनट के गोल के बाद दोनों टीमों ने छुट पुट प्रयास किए लेकिन निशाने लक्ष्य से दूर रहे।

मंटू, रंजना व योगेश को खिताब

■ इंदौर

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित 31वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में 60. महिला एकल वर्ग में मंटू मुर्मु (बंगाल), महिला 65. एकल वर्ग में रंजना पत्की (महाराष्ट्र), पुरूष 70. एकल वर्ग में योगेश देसाई (महाराष्ट्र) ने खिताब अर्जित किया। मध्यप्रदेश के प्रमोद सोनी को पुरूष 70. में कॉस्य पदक एवं महिला 60. वर्ग मेंरूबी कौर को रजत पदक व रश्मि सोनी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अभय प्रशाल में खेली जा रही स्पर्धा के महिला 60.के अंतिम मुकाबले में मंटू मुर्मु (बंगाल) ने रूबी कौर (मध्य प्रदेश) को 11-4, 11-9, 11-4 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफाईनल में मंटू मुर्मु ने अविनाश कौर (गुजरात) को 3-1 से व रूबी कौर ने रश्मि सोनी (मध्यप्रदेश) को 3-0 से पराजित किया। महिला 65. वर्ग के फाईनल मुकाबले में रंजना पत्की (महाराष्ट्र) ने राजेश्वरी मेहेत्रे (महाराष्ट्र) को 11-8, 11-8, 9-11, 11-1 से परास्त कर एकल वर्ग का खिताब अर्जित किया। सेमीफाइनल में रंजना पत्की ने इंदू शर्मा (दिल्ली) को 3-0 से व राजेश्वरी ने दीपा जैन (महाराष्ट्र) को 3-1 से पराजित किया।

पेनफोल्ड श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

एजेंसी ■ वेलिंग्टन

न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं।

23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी मौली के लिए दुखी हैं। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चोट के कारण वह तीन महीने खेल से दूर रहेंगी। समय पर ठीक होने पर वह हमारे शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए फिट हो सकती है। पेनफोल्ड ने 14 एकदिवसीय में नौ विकेट तथा दस टी -20 मैचों में सात विकेट लिए हैं। पिछले दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बेसिन रिजर्व में दूसरे मैच में उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42 रन देकर चार विकेट झटके थे।

कतर ओपन : अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

दुबई टेनिस टूर्नामेंट में उलटफेर, सबालेंका बाहर, इगा क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ■ दुबई

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर दोहा में जारी कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका दुबई टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

स्पेन के 21 वर्षीय अल्काराज दूसरे सेट में एक समय 4-1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जिजौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

स्वियातेक ने दयाना यास्त्रेम्स्का को शिकस्त दी-दुबई टेनिस टूर्नामेंट में डेनमार्क की क्लारा टौसन ने सबालेंका को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 (8) से हराया। स्वियातेक ने दयाना यास्त्रेम्स्का को 7-5, 6-0 से शिकस्त दी। उनका अगला मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने पीटन स्टर्न को 6-1, 6-1 से हराया।







चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी की हार

मौजूदा चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सोफिया केनिन ने 6-4, 6-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में केनिन का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा। रयबाकिना ने नौवीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 4-6, 7-6 (8), 7-6 (2) से हराया। सोराना क्रिस्टिया ने एम्मा नवारो को 7-6 (5), 3-6, 7-5 से पराजित किया। रोमानिया की खिलाड़ी का अगला मुकाबला कैरोलिना मुचोवा से होगा। जिन्होंने पहले मेकार्टनी केसलर को 6-3, 1-6, 7-6 (5) से हराया।

44 साल की उम्र में कोर्ट पर वापसी

वीनस विलियम्स की इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से इंट्री

एजेंसी ■ इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा।

सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था। उनके नाम पर विंबलडन में पांच और अमेरिकी ओपन में दो एकल खिताब दर्ज हैं। वीनस ने इसके साथ ही अपनी छोटी बहन सेरेना के साथ मिलकर 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीते हैं। जिन अन्य खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है उनमें दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा भी शामिल हैं जो अपने पहले बच्चे को जन्म देने के कारण 15 महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)